डाक पंजीयन नं. 99/2021-23

E-mail:-adhuniksamachar2014@gmail.com

website:www.aadhuniksamachar.com



PG-8

आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया

# आधुनिक समाचार

प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक



वर्ष -09 अंक -135 | प्रयागराज ,शुक्रवार ,04 ,अगस्त, 2023 | पृष्ठ- 8 | मूल्य : 2.00 रूपये

## संक्षिप्त समाचार

### हर घर तिरंगा' अभियान के तहत डाकघर बेचेंगे राष्ट्रीय ध्वज

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** लोगों के दिलों में देशभक्ति की भावना पैदा करने के लिए भारतीय डाक विभाग 'हर घर तिरंगा' अभियान मनाने के लिए अपने 1.6 लाख डाकघरों के माध्यम से राष्ट्रीय ध्वज बेचेगा। संचार मंत्रालय ने विज्ञप्ति जारी कर बताया कि गत वर्ष भारत सरकार ने आजादी के अमृत महोत्सव के तत्वावधान में 'हर घर तिरंगा' अभियान की शुरुआत की थी। पिछले साल सफल रहा अभियान यह अभियान 2022



में बेहद सफल रहा था। इस दौरान 23 करोड़ परिवारों ने अपने घरों पर भौतिक रूप से तिरंगा फहराया और छह करोड़ लोगों ने एचजीटी वेबसाइट पर सेल्फी अपलोड की थीं। डाक विभाग ने अभियान को अंतिम छोर तक पहुंचाया और देश के सुदूर कोने तक राष्ट्रीय ध्वज की उपलब्धता सुनिश्चित की। इस उत्साह और देशभक्ति को जारी रखने के लिए सरकार 13 से 15 अगस्त 2023 के बीच हर घर तिरंगा अभियान का आयोजन कर रही है। जल्द शुरू होगी बिक्री इसके तहत देश में 1.6 लाख डाकघरों से तिरंगों की बिक्री सुनिश्चित करने का निर्णय लिया है। डाकघरों में झंडों की बिक्री जल्द शुरू होगी और नागरिक अपने नजदीकी डाकघर से झंडा खरीद सकते हैं। इसके साथ ही नागरिक विभाग की ई-पोस्टआफिस सुविधा से भी राष्ट्रीय ध्वज खरीदने में सक्षम होंगे।

## हाई कोर्ट ने एएसआई को ज्ञानवापी का सर्वे करने के लिए कहाः हिंदू पक्ष के वकील

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाई कोर्ट द्वारा ज्ञानवापी मस्जिद परिसर का सर्वेक्षण की अनुमति देने के फ़ैसले के बाद हिंदू पक्ष के वकील विष्णु शंकर जैन ने मामले पर खुल कर बातचीत की।उन्होंने बताया कि हाई कोर्ट ने एएसआई को सर्वे करने के लिए कहा है। इलाहाबाद हाई कोर्ट ने ज़िला कोर्ट के फैसले को तत्काल प्रभाव से प्रभावी करने के लिए भी कहा है। उन्होंने कहा कि एएसआई ने अदालत में जो हलफ़नामा दिया है, सर्वे उसी अनुसार होगा। विष्णु शंकर जैन ने कहा सर्वे कराए जाने संबंधी वाराणसी जिला जज के फैसले को चुनौती देने वाली अंजुमन इंतजामिया मस्?ज?िद कमेटी की याचिका खारिज कर दी गयी है। कोर्ट ने कहा है कि न्याय हित में सर्वे कराया जाना उचित है । कोर्ट ने एएसआई सर्वे को लेकर एएसआई की तरफ से दिए हलफनामे को लेकर कहा कि उस पर अविश्वास करने का कोई आधार नहीं है। हलफनामा में एएसआई ने कहा था कि उनके सर्वे से ज्ञानवापी परिसर में किसी भी प्रकार का इंच भर भी नुकसान नहीं होगा। हाईकोर्ट ने वाराणसी लोवर कोर्ट के सर्वे कराने के आदेश को भी सही माना है। आगे की कार्रवाई करने को कोर्ट ने रास्ता साफ कर दिया है।




## कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया ने पीएम नरेंद्र मोदी से मुलाकात की कर्नाटक

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**कर्नाटक।** कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया ने



गुरुवार (3 अगस्त) को राजधानी दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की है। कर्नाटक की सीएम की कुर्सी संभालने के बाद सिद्धारमैया की यह पीएम मोदी से पहली मुलाकात है। हालांकि, सीएम सिद्धारमैया और पीएम की क्या बातचीत हुई है अभी इस बात की जानकारी सामने नहीं आई है। इसी साल कांग्रेस ने बीजेपी को हरा कर कर्नाटक में शानदार जीत हासिल की है। कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया ने गुरुवार (3 अगस्त) को राजधानी दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की है। कर्नाटक की सीएम की कुर्सी संभालने के बाद सिद्धारमैया की यह पीएम मोदी से पहली मुलाकात है। हालांकि सीएम सिद्धारमैया और पीएम की क्या बातचीत हुई है अभी इस बात की जानकारी सामने नहीं आई है। इसी साल कांग्रेस ने बीजेपी को हरा कर कर्नाटक में शानदार जीत हासिल की है।

## गोवा के निजी दौरे पर राहुल गांधी, रात्रिभोज पर राज्य कांग्रेस विधायकों से की मुलाकात

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**पणजी।** गोवा के निजी दौरे पर आए



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पिछली रात तटीय राज्य के पार्टी विधायकों के साथ रात्रिभोज किया। इसकी जानकारी पार्टी के एक नेता ने गुरुवार को दी। पार्टी के एक वरिष्ठ पदाधिकारी ने कहा कि राहुल गांधी बुधवार रात गोवा के डाबोलिम हवाई अड्डे पर पहुंचे और फिर राजधानी पणजी के पास एक होटल में ठहरने चले गए। पार्टी के एक नेता ने कहा, उन्होंने राज्य के कांग्रेस विधायकों के साथ देर रात रात्रिभोज किया। गोवा कांग्रेस विधायक कार्लोस फरेरा ने झ्ऊघ् को बताया कि अपने प्रवास के दौरान गांधी का कोई आधिकारिक कार्यक्रम नहीं है। विधायक ने कहा कि उनका आज दिन में नई दिल्ली लौटने का कार्यक्रम है।

## डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण विधेयक लोकसभा में हुआ पेश, विपक्षी पार्टियां कर रही विरोध

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** केंद्रीय संचार, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने गुरुवार को लोकसभा में डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण विधेयक, 2023 पेश किया। विपक्षी सदस्यों ने इस विधेयक को पेश करने पर कड़ा विरोध किया और कहा कि यह विधेयक निजता के मौलिक अधिकार का उल्लंघन करता है। उन्होंने मांग की कि विधेयक को जांच के लिए स्थायी समिति के पास भेजा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार ने पिछले साल डेटा संरक्षण पर एक विधेयक वापस ले लिया था और नए विधेयक की अधिक जांच की जरूरत है। वैष्णव ने कहा कि यह कोई धन विधेयक नहीं है और विपक्ष द्वारा उठाए गए सभी मुद्दों का जवाब बहस के दौरान दिया जाएगा। बिल डिजिटल व्यक्तिगत डेटा के प्रसंस्करण के लिए इस तरह से प्रावधान करता है ठजो व्यक्तियों के अपने व्यक्तिगत डेटा की सुरक्षा के अधिकार और वैध उद्देश्यों के लिए ऐसे व्यक्तिगत डेटा को संसाधित करने की आवश्यकता दोनों को पहचानता हैठ। वहीं दूसरी ओर कई विपक्षी पार्टियों ने इस बिल का विरोध किया। एआईएमआईएम सांसद असदुद्दीन ओवैसी, टीएमसी सांसद सौगत रॉय और कांग्रेस सांसद




मनीष तिवारी ने लोकसभा में डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन बिल, 2023 पेश करने का विरोध किया।कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि, मैं बिल का विरोध करता हूं। इस बिल के जरिए सरकार सूचना का अधिकार कानून और निजता के अधिकार को कुचलने जा रही है। इसलिए, हम इस सरकार द्वारा प्रदर्शित किए जा रहे इस तरह के भयावह इरादे का पुरजोर विरोध कर रहे हैं। इस बिल को स्थायी समिति या किसी अन्य मंच पर चर्चा के लिए भेजें। यह विधेयक सरकार द्वारा विकसित किए जा रहे प्रौद्योगिकी नियमों के व्यापक ढांचे का एक महत्वपूर्ण घटक है, जिसमें डिजिटल इंडिया विधेयक (सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 का प्रस्तावित उत्तराधिकारी), भारतीय दूरसंचार विधेयक 2022 और गैर व्यक्तिगत डाटा को नियंत्रित करने वाली नीति भी शामिल है। इस विधेयक का भारत में डिजिटल व्यक्तिगत डाटा के प्रसंस्करण पर अधिकार क्षेत्र होगा। इसमें ऑनलाइन या ऑफलाइन एकत्र किया गया और बाद में डिजिटलीकृत डाटा शामिल है। यह विधेयक भारत के बाहर डाटा के प्रसंस्करण (ज़्दिमेग्ह्) पर भी लागू होगा यदि इसमें भारत में वस्तुओं या सेवाओं की पेशकश या व्यक्तियों की प्रोफाइलिंग भी शामिल है। इस बिल के अनुसार, व्यक्तिगत डाटा को केवल व्यक्ति की सहमति से वैध उद्देश्या के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है। कुछ मामलों में, सहमति निहित हो सकती है। डाटा फ़िडुशियरीज़ (ड्रेग्लिमेंगे) को डाटा की सटीकता और सुरक्षा सुनिश्चित करने और इसका उद्देश्य पूरा होने के बाद इसे हटाने की आवश्यकता होती है। इंडिया के अनुसार, विधेयक व्यक्तियों को कुछ अधिकार प्रदान करता है, जिसमें जानकारी तक पहुंचने, सुधार और हटाने का अनुरोध करने और शिकायतों के निवारण का अधिकार शामिल है। सरकार अपनी एजेंसियों को राष्ट्रीय सुरक्षा या सार्वजनिक व्यवस्था जैसे निर्दिष्ट आधारों के आधार पर विधेयक के कुछ प्रावधानों से छूट दे सकती है। विधेयक के अनुपालन को लागू करने के लिए, सरकार भारतीय डाटा संरक्षण बोर्ड

### एयर इंडिया एक्सप्रेस विमान की कोच्चि एयपोर्ट पर एहतियाती लैंडिंग

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**कोच्चि।** केरल के कोच्चि में एयर इंडिया के एक विमान की इमरजेंसी लैंडिंग हुई है। विमान कोच्चि से शारजाह जा रहा था। एक यात्री द्वारा विमान में संदिग्ध गंध की सूचना पर विमान की एहतियाती लैंडिंग कराई गई। ये घटना दो अगस्त की रात की बताई जा रही है। सूत्रों ने समाचार एजेंसी को इसकी जानकारी दी है। सूत्रों की मानें तो एयर इंडिया एक्सप्रेस के विमान की कोच्चि एयरपोर्ट पर एहतियाती लैंडिंग करानी पड़ी। दरअसल, विमान के उड़ान भरते ही एक यात्री ने जलने की गंध की जानकारी दी थी।

## हिंदू पक्ष ने एससी में दाखिल की कैविएट अर्जी एचसी ने मुस्लिम पक्ष की याचिका की थी खारिज

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के वाराणसी स्थित काशी विश्वनाथ मंदिर-ज्ञानवापी परिसर मामले में गुरुवार



को नया मोड़ आया। बता दें कि हिंदू याचिकाकर्ताओं में से एक ने सुप्रीम कोर्ट में गुरुवार को एक कैविएट अर्जी दायर की दरअसल, ज्ञानवापी परिसर मामले में इलाहाबाद हाई कोर्ट के फैसले के बाद सर्वे का रास्ता साफ हो गया। ऐसे में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण ज्ञानवापी परिसर में सर्वे कर सकती है इसी बीच हिंदू याचिकाकर्ताओं में से एक ने गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट का रुख करते हुए पहले ही एक कैविएट अर्जी दाखिल कर दी इस अर्जी के माध्यम से सुप्रीम कोर्ट में आग्रह किया गया,सनद रहे कि एक वादी द्वारा कैविएट अर्जी यह सुनिश्चित करने के लिए दाखिल की जाती है कि बिना सुने उसके खिलाफ कोई प्रतिकूल आदेश पारित न किया जाए। मामले में अबतक क्या कुछ हुअ वाराणसी के जिला जज ने 21 जुलाई को ज्ञानवापी परिसर में वजूखाना व शिवलिंग छोड़कर अन्य क्षेत्र के एएसआइ सर्वे का निर्देश दिया था। इसके खिलाफ मुस्लिम पक्ष ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की थी। जिसपर पर सुप्रीम कोर्ट ने 24 जुलाई को एएसआई सर्वे पर 26 जुलाई तक रोक लगाते हुए इलाहाबाद हाई कोर्ट जाने की सलाह दी थी।

## कैबिनेट सेक्रेटरी राजीव गौबा को एक साल का विस्तार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** मोदी सरकार में कैबिनेट सचिव राजीव गौबा को एक साल का कार्यकाल विस्तार मिला है। वो 2024 चुनाव तक इस पद पर रहेंगे। गाबा अभी भी सेवा विस्तार पर ही चल रहे हैं। कैबिनेट सचिव का पद ब्यूरोक्रेट्स में सबसे महत्वपूर्ण माना जाता है। कैबिनेट सचिव ही पीएम और मंत्रियों के बीच कॉर्डिनेशन स्थापित करने का काम करते हैं। दो बार पहले भी मिल चुका विस्तार मोदी सरकार ने गौबा को वर्ष 2019 में भारत का कैबिनेट सचिव बनाया था। गौबा को पहले भी दो बार इस पद पर विस्तार मिला है। इससे पहले गौबा भारत के गृह सचिव पद पर भी थे। उन्हीं के नेतृत्व में जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद-370 हटाने का ड्राफ्ट बनाया गया था। मोदी सरकार के कैबिनेट सचिव राजीव गौबा को एक साल का कार्यकाल विस्तार मिला है। वो 2024 चुनाव तक इस पद पर रहेंगे। गाबा अभी भी सेवा विस्तार पर ही चल रहे हैं। कैबिनेट सचिव का पद ब्यूरोक्रेट्स में सबसे महत्वपूर्ण माना जाता है। कैबिनेट सचिव ही पीएम और मंत्रियों के बीच कॉर्डिनेशन स्थापित करने का काम करते हैं।



## मणिपुर के बिष्णुपुर में फिर भड़की हिंसा, 17 लोग घायल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मणिपुर।** मणिपुर से रुक-रुककर हिंसा की खबरें सामने आ रही हैं। ताजा हिंसा बिष्णुपुर जिले में हुई है। गुरुवार को कांगवई और फौगाकचाओ इलाके में हिंसा भड़की है। संसद में हंगामा जारी उधर, मणिपुर हिंसा के मुद्दे पर विपक्षी दलों का संसद में हंगामा जारी है। गुरुवार को भी विपक्षी दलों ने संसद में जमकर हंगामा और नारेबाजी की। हंगामे के चलते संसद की



है। बताया जा रहा है कि कुछ प्रदर्शनकारी और सुरक्षाबलों के बीच झड़प हो गई। अधिकारियों ने बताया कि हालात पर काबू करने के लिए सेना और आरएएफ के जवानों ने आंसू गैस के गोले दागे। इस दौरान 17 प्रदर्शनकारी घायल हो गए। उधर, जिला प्रशासन ने इंफाल पूर्व और इंफाल पश्चिम से कर्फ्यू में ढील को वापस ले लिया है। एहतियात के तौर पर पूरे इंफाल घाटी में रात के कर्फ्यू के अलावा दिन के दौरान भी प्रतिबंध लगा दिया कार्यवाही को स्थगित करना पड़ा। मणिपुर हाईकोर्ट का अहम आदेश उधर, गुरुवार तड़के मणिपुर हाईकोर्ट ने अहम आदेश दिया। हाईकोर्ट ने प्रस्तावित भूमि के संबंध में यथास्थिति बनाए रखने का आदेश दिया है। इस भूमि पर हिंसा में मारे गए कुकी समुदाय के सदस्यों के शवों को सामूहिक रूप से दफनाया जाना था। हाईकोर्ट ने कहा कि ऐसा करने से पहले से ही अस्थिर कानून और व्यवस्था की स्थिति फिर बिगड़ सकती है।

## 'पीएम मोदी-सिद्धारमैया किसी और की बनाई पार्टियों में सत्ता का आनंद ले रहे है

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** कर्नाटक से कांग्रेस विधायक बसवराज रायरेड्डी ने बुधवार (2 अगस्त) को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया पर निशाना साथा. सत्ता के शीर्ष पदों पर आसीन दोनों नेताओं के ऊपर तंज कसते हुए रायरेड्डी ने कहा, ठप्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया किसी और द्वारा बनाई गई पार्टियों में सत्ता का आनंद ले रहे हैं।वरिष्ठ कांग्रेस विधायक बसवराज रायरेड्डी ने कोप्पल जिले के कुकनूर शहर में एक सार्वजनिक बैठक में कहा, ठहमारे सिद्धारमैया को देखें, वह



जनता परिवार से कांग्रेस में आए और पार्टी में सत्ता का आनंद ले रहे हैं। वह राज्य के दो बार मुख्यमंत्री बने। कांग्रेस के वरिष्ठ लोग क्या सोचेंगे कि इस आदमी की किस्मत देखो... राजनीति में भाग्य और समय की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण होती है।बसवराज रायरेड्डी ने आगे कहा कि ठलालकृष्ण आडवाणी जैसे लोगों ने बीजेपी को बनाया, लेकिन फिर नरेंद्र मोदी आए और प्रधानमंत्री बन गए।ठ रायरेड्डी ने कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई और एचडी कुमारस्वामी पर भी निशाना साध. उन्होंने कहा, ठमैं एसआर बोम्मई और एचडी देवेगौड़ा के मंत्रिमंडल में मंत्री था। उनके बेटे बसवराज बोम्मई और एचडी कुमारस्वामी अंततः मुख्यमंत्री बने। इससे पहले, कुमारस्वामी मेरे सामने खड़े होने से भी डरते थे। यह उनके भाग्य में लिखा था।

## तेलंगाना में 8 माओवादी मिलिशिया सदस्य गिरफ्तार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**हैदराबाद।** तेलंगाना के भद्राद्रि कोठागुडेम जिले में पुलिस ने



प्रतिबंधित सीपीआई (माओवादी) पार्टी के आठ मिलिशिया सदस्यों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि पड़ोसी राज्य छत्तीसगढ़ के रहने वाले आठ लोगों को बुधवार को जिले के चेरला मंडल के तिप्पापुरम वन क्षेत्र में पुलिस और सीआरपीएफ कर्मियों द्वारा संयुक्त रूप से चलाए गए तलाशी अभियान के दौरान गिरफ्तार किया गया। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया है कि वे पिछले दो वर्षों से सीपीआई (माओवादी) पार्टी के लिए मिलिशिया सदस्य के रूप में काम कर रहे हैं। आठ सदस्यों ने अन्य उग्रवादियों के साथ मिलकर कथित तौर पर पुलिस कर्मियों को 'मारने' के लिए पिछले साल जुलाई में चेरला मंडल के दो गांवों के बीच बीटी रोड के नीचे 12 किलोग्राम की बारूदी सुरंग लगाई थी। उनके खिलाफ गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम और विस्फोटक अधिनियम और आईपीसी की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था।

# प्रयागराज अश्लीलता व अभद्रता के आरोप में सपा नेता समेत परिवार के सात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** में सपा नेता समेत परिवार के सात लोगों के खिलाफ




अश्लीलता व अभद्रता के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया है। पड़ोसी महिला ने महिला ने आरोप लगाया है। प्रयागराज के समीप करेलाबाग के पार्षद रहे समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता नंदलाल निषाद नंदा और बेटे समेत परिवार के खिलाफ करेली थाने में केस दर्ज कराया गया है। पड़ोसी महिला ने गाली-गलौज और बेटी से अश्लील हरकत का आरोप लगाया है। पड़ोसी महिला का आरोप है कि रविवार रात साढ़े सात बजे उसके पति और बेटे घर में नहीं थे तभी नंदलाल निषाद अपने बेटे राहुल निषाद के अलावा दुर्गेश निषाद, प्रकाश निषाद, राजन समेत कई लोगों के साथ उसके घर में घुसने का प्रयास करने लगे। वे सभी ईंट से मारने की धमकी और गालियां रहे थे। बेटी ने रोका तो उसका हाथ पकड़ झटक दिया गया और उसका वीडियो बनाकर धमकाया कि कहीं शिकायत की तो वीडियो प्रसारित कर दिया जाएगा। आरोप है कि नंदा की पत्नी नीता ने भी आकर धमकाया। महिला के मुताबिक, उसने बीच-बचाव का प्रयास किया तो नंदा के बेटे राहुल ने उसकी बेटी से अश्लील हरकत करते हुए आपत्तिजनक बातें कहीं। उसकी बातों से दुखी होकर बेटी ने कमरे में खुद को बंद कर लिया और आत्महत्या की कोशिश करने लगी। किसी तरह उसे बचाया गया। आरोप है कि इसके पहले भी कई बार नंदा और उनके परिवार ने ऐसी हरकत की है। करेली थाना प्रभारी रामाश्रय यादव का कहना है कि नंदा और बेटे राहुल समेत सात लोगों के खिलाफ मुकदमा लिखकर जांच की जा रही है। मामले में नंदा का कहना है कि दो पक्षों के विवाद में मदद करने पर उनको फर्जी फंसाया गया है।

# यूपी के 6 हजार रोडवेज बसों में ट्रेनों की तरह लगेंगी लोकेशन ट्रैकिंग डिवाइस

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** यू पी रोडवेज बसों में भी अब ट्रेनों की तरह लोकेशन ट्रैकिंग डिवाइस लगाई जाएगी. इसके लिए परिवहन विभाग ने जापान की कंपनी एनईसी को जिम्मा सौंपा है. कंपनी नेशनल ट्रेन इंक्वायरी सिस्टम (एनटीईएस) एप की तर्ज पर एक एप भी डेवलप करेगी जिससे यात्री अपने मोबिल एम्ब डाउनलोड कर यात्री बसों की लोकेशन जान सकेंगे. इसके अलावा परिवहन मुख्यालय पर कमांड सेंटर भी बनाया जाएगा, जहां से बसों की ट्रैकिंग की जाएगी। रोडवेज बस बसों को हाईटेक बनाने की प्रक्रिया निर्भया योजना के तहत की जा रही है. जल्द ही 6000 बसों में व्हीकल लोकेशन डिवाइस के साथ ही पैनिक बटन भी लगाया जाएगा. परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने बताया कि बसों में लोकेशन ट्रैकिंग डिवाइस लगने की वजह से हादसों को नियंत्रित करने में भी मदद मिलेगी. प्रत्येक बस में कुल 10 पैनिक बटन लगाए जाएंगे. पैनिक बटन दबते ही इसकी जानकारी कमांड सेंटर और नजदीकी पुलिस स्टेशन को लग जाएगी, जिससे तुरंत सहायता मुहैया करवाई जा सकेगी। परिवहन मंत्री ने बताया कि वहीं, निर्भया योजना के तहत रोडवेज के 100 मुख्य बस स्टेशनों पर एलईडी डिस्प्ले पैनल और अनाउंसमेंट सिस्टम भी लगाए जाएंगे. आने-जाने वाली बसों की जानकारी डिस्प्ले स्क्रीन पर प्रदर्शित की जाएंगी. उन्होंने बताया कि 20 क्षेत्रों में रीजनल मॉनिटरिंग सिस्टम की भी व्यवस्था होगी, जिससे बसों की निगरानी की जाएगी. उन्होंने बताया कि इससे जहां बस सेवा हाईटेक होगी तो वहीं सुरक्षा के दृष्टि से भी काफी अहम साबित होगी।



# बांस बल्लियों के सहारे दौड़ रही बिजली दुर्घटनाओं को दे रही दावत

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** क्षेत्र के लौवाकोन गांव का मामला न खंभे ने तार घरों में लगा दिए गए मीटर कोरांव प्रयागराज विकासखंड कोरांव के लौवाकोन गांव में बांस बल्लियों के सहारे दौड़ रही बिजली आए दिन खंभे गाड़े गए और ना ही तार खींचा गया। जिससे विवश होकर ग्रामीण बांस बल्लियों के सहारे अपने घरों में बिजली जला रहे हैं। आंधी तूफान और बारिश में बांस बल्लियों के सहारे दौड़ रही बिजली से दुर्घटनाएं हो सकती हैं। इस बाबत ग्रामीण



दुर्घटनाओं को दावत दे रही है। शिकायत के बाद भी विभागीय जिम्मेदार अधिकारी व कर्मचारी बांस बल्लियों के सहारे दौड़ रही बिजली को लेकर कोई कार्यवाही नहीं कर रहे हैं जिससे ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। ज्ञातव्य हो कि लौवाकोन गांव में सौभाग्य विद्युतीकरण योजना के तहत लोगों के घरों में कनेक्शन कर दिए गए। लेकिन विद्युतीकरण नहीं कराया गया। गांव में न तो कई बार शिकायत भी कर चुके हैं। लेकिन विभागीय जिम्मेदार उदासीन बने हुए हैं। ऐसे में ग्रामीणों का कहना है कि हर महीने लोगों के बिल आ रहे हैं, और लोग जमा भी कर रहे हैं। लेकिन विभाग के द्वारा विद्युत अव्यवस्था को लेकर कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है ग्रामीणों ने गांव में खंभे व तार खिंचवाने की मांग की है।

# माफिया अतीक के वकील के मामले में हाईकोर्ट के सामने प्रदर्शन कर अधिवक्ताओं ने किया चक्काजाम

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रतापगढ़।** माफिया अतीक के अधिवक्ता व जिला अधिवक्ता संघ के सदस्य विजय मिश्रा की गिरफ्तारी से वकील काफी नाराज हैं। उमेश



पाल हत्याकांड में आरोपित विजय मिश्रा की गिरफ्तारी के विरोध में जिला अदालत के वकीलों ने मंगलवार को जिलाधिकारी गेट के सामने चक्का जाम किया। इसके साथ इलाहाबाद हाईकोर्ट के गेट पर भी अधिवक्ताओं ने प्रदर्शन किया। पुलिस पर फर्जी मुकदमे में विजय की गिरफ्तार का आरोप लगाते हुए अधिवक्ताओं ने सोमवार को विजय को 12 घंटे में रिहा न करने पर आंदोलन की चेतावनी दी थी जिला अधिवक्ता संघ ने मंगलवार को भी न्यायिक कार्य से विरत रहने का एलान किया गया है। कचहरी में पुलिस तैनात वकीलों ने सड़क जाम कर यातायात बाधित कर दिया है। साथ ही लगातार नारेबाजी कर रहे हैं। बवाल की आशंका को देखते हुए कचहरी में पुलिस के साथ ही पीएसी और आरएएफ के जवानों की तैनाती भी की गई है। बता दें उमेश पाल और उनके दो सुरक्षाकर्मियों की हत्या की साजिश में विजय मिश्रा के शामिल होने का साक्ष्य मिलने पर पुलिस ने मुकदमे में वांछित किया था। शनिवार रात पुलिस ने आरोपित विजय को लखनऊ से गिरफ्तार किया और फिर रविवार दोपहर कोर्ट में पेश करके नैनी सेंट्रल जेल में दाखिल कर दिया। पुलिस की इस कार्रवाई से वकीलों में नाराजगी व्याप्त हो गई।

# अशरफ की बीवी जैनब के साथ होटल में रुका था वकील विजय मिश्रा, बेनामी संपत्ति की हो रही थी डील






**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**लखनऊ।** में माफिया अतीक अहमद का वकील विजय मिश्रा, अशरफ की बीवी जैनब के साथ होटल हयात में अतीक की बेनामी संपत्ति की डील कर रहा था । जानकारी के मुताबिक, विजय मिश्रा होटल हयात में अशरफ की बीवी जैनब के साथ रुका हुआ था. विजय मिश्रा को होटल हयात से पकड़ा गया, जबकि जैनब मौके से फरार हो गई । पुलिस ने बताया कि संपत्ति से संज्ञान में आया कि गैंग लीडर अतीक अहमद उपरोक्त द्वारा अपना रुपया लगाकर दिनांक 14.8. 2015 को एक गरीब व्यक्ति के नाम से 14 गरीब व्यक्तियों की अलग-अलग आराजी से जिसका कुल क्षेत्रफल 23447 वर्ग मीटर कटहुला गौसपुर तहसील सदर क्रय की गई । जिसकी राजस्व विभाग से चिन्हीकरण करा लिया गया है और इस समय क्षेत्र मूल्यांकन के हिसाब से उसकी कीमत ?12,42,69,100 है । इस कीमत की जब्तीकरण की कार्रवाई करने के लिए कमिश्नरेट प्रयागराज को रिपोर्ट भेजी गई है ।

# प्रतापगढ़ सड़क हादसे में भारी वाहन ने स्कूली मैजिक को मारी टक्कर कई घायल एक मासूम छात्र की मौत

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रतापगढ़।** जिले फिर से एक बार बड़ी सड़क दुर्घटना भारी वाहन व



स्कूली मैजिक सुबह में हुई आज सुबह एक लोडर वाहन ने स्कूली बच्चों से भरी एक मैजिक में टक्कर मार दी जिसमें एक मासूम बच्ची की मौत हो गई और कई बच्चे गम्भीर रूप घायल हो गए दरअसल पूरा मामला है थाना लीलापुर क्षेत्र का है जहां साधरी शिरोमणि ग्रुप ऑफ एजुकेशन बाबूगंज प्रतापगढ़ के बच्चे स्कूल जा रहे थे। अचानक लीलापुर थाना क्षेत्र के लक्ष्मणपुर महर्षि विद्यालय मोड़ के पास पहुंचे तेज रफ्तार आ रही एक भारी वाहन ने बच्चों से भरी मैजिक को टक्कर मार दी। जिससे मैजिक रोड के किनारे जा गिरी जिसकी वजह से मैजिक पर बैठे स्कूली बच्चे गम्भीर रूप से घायल हो गए लेकिन इस सड़क दुर्घटना में एक स्कूली बच्चे की मौत हुई स्थानीय लोगों का मानना है कि हादसा होने के बाद सड़क पर चीख-पुकार की आवाज आने लगी स्थांनीय लोगों की मदद से सभी घायलों को उपचार के लिए ट्रामा सेंटर भेजा गया। इस दौरान सही इलाज ना मिलने पर परिजनों ने जमकर हंगामा काटा। इस हादसे में मानसी सरोज नाम की एक छात्रा की मौत हो गई है। जब कि नेहा सरोजा, टाशा, शारीफा कार्तिक,आयुष,वैभव ,संजना अर्पिता को गंभीर चोटें आई है जिसमें से यश और ड्राइवर शरीफ की हालत गंभीर है और इन दोनों को जिला मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर किया गया है। सड़क हादसे की सूचना बाद आनन-फानन में घटना स्थल पर पुलिस के उच्च अधिकारी पहुंच कर हादसे की वजह जानना शुरू की।




# एसटीएफ की प्रयागराज यूनिट ने रोहनिया से चार तस्करों सहित बोलेरो से 90 किलो गांजा पकड़ा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** से उत्तर प्रदेश की स्पेशल टास्क फोर्स एसटीएफ की प्रयागराज यूनिट ने वाराणसी के रोहनिया क्षेत्र से एक बोलेरो से नरेन्द्र सिंह, निवासी ग्राम भदवर, काशीपुर, थाना रोहनिया, जनपद वाराणसी और अवनीश कुमार सिंह पुत्र स्व. मुरारी सिंह, निवासी ग्राम भिखारीपुर राजा तालाब, थाना




90 किलो गांजा बरामद किया है। बरामद गांजा के साथ चार तस्कर गिरफ्तार किए गए हैं। उनके पास से बोलेरो व उसका फर्जी रजिस्ट्रेशन नंबर, चार मोबाइल, एक आधार कार्ड, एक वोटर आईडी और 102350 रुपये भी बरामद किए गए हैं। गिरफ्तार तस्करों की पहचान 1. सतिराम यादव पुत्र बाबू लाल यादव, निवासी ग्राम मिढनेपुर, पोस्ट रानीपुर थाना खुटहन, जनपद जौनपुर, 2. आसित पाण्डेय पुत्र हौसिला पाण्डेय, निवासी ग्राम खिरौडी, पोस्ट पिडखिड, तहसील चुनार, थाना जमालपुर जनपद मिर्जापुर, 3. अमित सिंह पुत्र स्व. मिर्जामुराद, जनपद वाराणसी के रूप में हुई है। चारों को आगे की कार्रवाई के लिए रोहनिया थाने की पुलिस को सौंप दिया गया है। एसटीएफ की प्रयागराज यूनिट के डिप्टी एसपी नवेन्दु कुमार ने बताया कि सूचना मिली थी कि ओडिशा से गांजा की खेप लेकर वाराणसी के रोहनिया क्षेत्र स्थित एक गोदाम के समीप मौजूद है। इस सूचना के आधार पर उप निरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह, मुख्य आरक्षी हबीब सिद्दीकी, अभिषेक मिश्रा, पंकज तिवारी, पुनीत कुमार पांडेय और रविकान्त की टीम ने छापा मार कर कार्रवाई की।

# बलिया मे दामाद ने लाइसेंसी पिस्टल से चचेरे श्वसुर को गोली मारकर मौत के घाट उतारा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**बलिया ।** कलयुग की इस दौर मे आज-कल मामूली सी वाद-विवाद मे खूनी रिश्ते का खून हो रहा है।ऐसे ही एक घटना उत्तर-प्रदेश के बलिया जनपद के बिल्थरारोड नगर के वार्ड नं. 10 स्थित पन्नालाल कटरा में सोमवार को देखने-सुनने को मिली।जहा आधी रात के बाद एक शिक्षक ने गोली मारकर अपने ही चचेरे ससुर शत्रुधन सिंह (50) की हत्या कर दी। इस दौरान पिस्टल की छीनाझपटी में चली गोली से शिक्षक मनीष सिंह को भी पैर में गोली लगी है। जो अनुकंपा पर इंटर कालेज वंशीबाजार में शिक्षक बताया जा रहा है। घटना के उपरांत सूचना पाकर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंच गई और लाइसेंसी पिस्टल बरामद कर आरोपी को अपने गिरफ्त मे ले लियामिली जानकारी के अनुसार घटना का कारण पारिवारिक विवाद होने की चर्चा है। हत्या लाइसेंसी रिवाल्वर से हुई है। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है। जिसका पुलिस अभिरक्षा में बलिया अस्पताल में इलाज चल रहा है। जबकि मृतक के शव को पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बलिया भेज दिया। मृतक की पुत्री सोनम कुमारी के लिखित तहरीर पर पुलिस ने नामजद मुकदमा दर्ज कर लिया है। इस संबंध मे उभांव इंस्पेक्टर राजीव कुमार मिश्र ने मीडिया को बताया कि हत्या में प्रयुक्त पिस्टल को जब्त कर लिया गया है। घटनास्थल से पुलिस ने कारतूस का तीन खोखा बरामद किया है। शिक्षक के नाम पिस्टल का करीब पांच वर्ष पूर्व लाइसेंस जारी किया गया था। घटना के समय मृतक और मृतक की पुत्री सोनम, शिक्षक मनीष सिंह, उनकी पत्नी और दो अन्य बच्चे एक ही मकान के कमरे में थे। अन्य सभी सुरक्षित है।घटना स्थल पर फिलहाल सिन्नाटा है। घर में ताला लगा है और घटना को लेकर मुहल्ले में तरह तरह की चर्चा व्याप्त है। घटना के पीछे पति-पत्नी के बीच लंबे समय से चल रहा विवाद बताया जा रहा है। चार दिन पूर्व भी पति पत्नी के बीच मारपीट हुई थी। जिसके कारण मनीष सिंह काफी तनाव में रहता था। जिसके कारण परिजन अब मनीष सिंह को मानसिक विक्षिप्त बताया जा रहा है, जिसका इलाज भी चल रहा था। मनीष सिंह के ससुर नहीं है। जिसके कारण घटना के एक दिन पूर्व ही बांसडीह निवासी उसके चचेरे ससुर शत्रुधन सिंह पारिवारिक वार्ता करने यहां आएं थे। घटना के समय शत्रुधन सिंह की पुत्री सोनम कुमार और मनीष सिंह की पत्नी मौजूद थे। आधी रात के आसपास मनीष सिंह अचानक अपना पिस्टल निकाल लिया। जिसका उनकी पत्नी ने विरोध किया। बावजूद उसने चचेरे ससुर शत्रुधन सिंह को दो गोली मार दी। जो उनके सीने और पेट के पास लगा। जबकि पिस्टल की छीनाझपटी में मनीष सिंह के दाएं पैर में गोली लगी। जिसके बाद परिजनों में चीख पुकार मच गया। घटना की सूचना मिलते ही उभांव इंस्पेक्टर राजीव कुमार मिश्र, चैकी इंचार्ज देवेंद्र मौके पर पहुंचे और सीयर सीएचसी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया। जहां से शत्रुधन सिंह को इलाज के लिए मऊ ले जाने के दौरान रास्ते में मौत हो गई। वहीं आधी रात को सीओ फहीम कुरैशी भी पहुंच गए। घटना की जानकारी लेने के बाद पुलिस ने मृतक की पुत्री सोनम कुमारी की तहरीर नामजद मुकदमा दर्ज कर लिया है। तहरीर में सोनम कुमारी ने अपने जीजा मनीष सिंह के मानसिक इलाज चलने का भी जिक्र किया है। पुलिस सूत्रो के अनुसार पारिवारिक विवाद के बीच मनीष सिंह आधी रात को अचानक अपना पिस्टल ढूंढने लगे। जिसे पत्नी ने पहले ही दूसरे कमरे में रख दिया था। काफी हल्ला करने पर पत्नी ने पिस्टल दे दिया। जिसके बाद मनीष सिंह ने गुस्से में तुरंत पिस्टल को लोड कर दिया। जिससे घबराई पत्नी तुरंत पिस्टल छिनने लगी और घर में मौजूद अपने चचेरे ससुर और अन्य लोगों को बुलाया। चचेरे ससुर शत्रुधन सिंह के सामने आते ही मनीष सिंह ने फायर झोंक दिया। जो उनके सीने और पेट में लगा। पिस्टल के छीनाझपटी में मनीष सिंह को भी दाएं पैर के तलवा में गोली लग गया। जिसके बाद दोनों को उपचार के लिए सीयर सीएचसी लाया गया।



# पूर्वोत्तर रेलवे ने 33 सेवानिवृत्त कर्मचारियों को किया समापक धनराशि की 13,68 करोड़ का भुगतान

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**वाराणसी।** मंडल रेल प्रबंधक विनीत कुमार श्रीवास्तव अध्यक्षता में एवं वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी श्री समीर पॉल के नेतृत्व में मंडल कार्यालय वाराणसी के प्रेमचंद सभागार कक्ष में आयोजित एक सादे समारोह में 33 कर्मचारियों को उनके समापक धनराशि कुल तेरह करोड़ अड़सठ लाख सत्रह हजार छः सौ चौहत्तर रूपये रु 13,68, 17,674) का भुगतान किया गया । इस अवसर पर वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी समीर पॉल, मंडल वित्त प्रबंधक राजेश कुमार,सहायक कार्मिक अधिकारी आनन्द कुमार, समेत लेखा एवं कार्मिक विभाग के निरीक्षक व् कर्मचारी उपस्थित रहे।डीआरएम ने सेवानिवृत रेल कर्मचारियों को मेडल व अंगवस्त्र से उन्हे नवाजा गया। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक विनीत कुमार श्रीवास्तव ने सेवा निवृत्त होने वाले कर्मचारियों के स्वास्थ्य एवं सुखमय जीवन की कामना के साथ आश्वासन दिया की वे अपने को रेल से अलग नहीं समझे और किसी भी समस्या के समाधान हेतु शाखा अधिकारियों अथवा मंडल रेल प्रबंधक से कभी भी सहयोग ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि आप सभी स्वस्थ रहें रूचि अनुसार सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों में अपना समय लगाये ऐसी मेरी कामना है। वाराणसी मंडल विगत वर्षो से सेवानिवृत्त होने वाले सभी कर्मचारियों को उनके सभी प्रकार के देयों का सम्पूर्ण भुगतान उनके सेवानिवृति के दिन ही किया जा रहा है,यह लेखा एवं कार्मिक विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के परस्पर सामंजस्य एवं कठिन परिश्रम के फलस्वरूप संभव हो पा रहा है। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक ने सेवानिवृत होने वाले सभी कर्मचारियों को सेवा मेडल प्रदान कर अग्रिम जीवन हेतु शुभकामनाएं दी उनकी लम्बी एवं उल्लेखनीय सेवा के लिए आभार व्यक्त किया। इस दौरान वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी समीर पॉल ने सभी सेवानिवृत्त होने कर्मचारियों को माला पहना कर सम्मानित किया। सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को शुभकामनाएं देते हुए वरिष्ठ कार्मिक अधिकारी समीर पॉल ने सेवानिवृत कर्मचारियों को आई कार्ड ,सेवा प्रमाण पत्र एवं पीपीओ सम्बन्धी सभी दस्तावेजों के विषय में विस्तार से बताया और उनको समझाया कि वे अपनी प्राप्तियों का बहुत सोच समझ कर उपयोग करें किसी व्यक्ति या संस्था के बहकावे अथवा भावनाओं में बह कर इसे अनुचित व्यक्ति को नहीं देंगे।उन्होंने बताया बहुत से लोग ऐसे अवसरों के तलाश में रहते हैं और तरह तरह के प्रलोभन देकर धन फंसा देते है।सतर्क रहें यह आपके जीवन की पूंजी है बहुतआवश्यक हो तभी खर्च करें यथा संभव अपनी प्राप्तियों को सुरक्षित रखने का प्रयास करें। पूर्वोत्तर रेलवे मण्डल रेल प्रबंधक वाराणसी के जनसम्पर्कअधिकारी अशोक कुमार ने मीडिया को बताया कि विगत 31,जुलाई 2023 को सेवानिवृत होने वाले कर्मचारियों में एसके वर्मा वरिष्ठ वाणिज्य लिपिक, अशोक कुमार बरसाती मुख्य टिकट निरीक्षक,श्रीमती कल्पना श्रीवास्तव मुख्य वाणिज्य निरीक्षक, मोहम्मद शहीद उप मुख्य टिकट निरीक्षक संजय कुमार श्रीवास्तव ट्रैफिक निरीक्षक नलिम पाण्डेय स्टेशन अधीक्षक, जगदीश सी टी एन एल,तारकेश्वर चौबे गार्ड, सिया राम बली गौंड कार्यालयअधीक्षक प्रवीण कुमार श्रीवास्तव कार्यालय अधीक्षक, बृजलाल श्रीवास्तव गेटमैन,सत्यनारायण सिंह चौहान गेटमैन,प्रहलाद पाण्डेय गेटमैन, शरीफुद्दीन गार्ड,नजीमुद्दीन कार्यालय अधीक्षक, श्याम कुमार सिंह गार्ड,रमाशंकर टेक्नीशियन,अच्छे लाल सिंह यादव चालक मेल, हरिप्रसाद पाठक चालक मेल, लालजी राम मुख्य कार्यालय अधीक्षक, रामप्रसाद यादव वरिष्ठ लिपिक, सुरेश राम कार्यालय सहायक, इसरार खान मुख्य कार्यालय अधीक्षक,अख्तर अशफाक सी0से0ई,जयमुरत सफाई वाला, मनउवर सफाई वाला,लल्लन सफाई वाला, कमलेश कुमार सिंह सी से ई ड्राइंग, शैलेश कुमार मिश्रा ट्रैक मेंटेनर,खूब लाल खलासी, शिवमूरत/ट्रैक मेंटेनर एवं दिनेश कुमार परनौल आदि कर्मचारी शामिल थे।




# शिव शक्ति महिला मंडल ने किया रुद्राभिषेक पूजन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** रामगढ़ कसारी भिखारी बाबा आश्रम स्थित शिव मंदिर में चल रहा आयोजन रामगढ़ कसारी भिखारी बाबा आश्रम स्थित शिव मंदिर में शिव शक्ति महिला मंडल द्वारा लगातार 30वें दिन बुधवार को रुद्राभिषेक पूजन किया गया। श्रवण मास भर यह कार्यक्रम चलेगा। इस दौरान समूचा शिव मंदिर परिसर हर हर महादेव के जयकारे से गुंजायमान हो गया। शिव शक्ति महिला मंडल की विमला देवी , भिखारी सेवा ट्रस्ट की उपाध्यक्ष चिंता मौर्य, रेवती तिवारी, रामा देवी, कृष्णावती, रमाशंकर चौबे, रामराजी, अनिल कुमार चौबे, सरस्वती देवी, गणेश, श्याम जी, बलिराम जी, मनोज केसरी, विवेकानंद,कालो देवी, हीरा, सुखराम आदि को वैदिक मंत्रोच्चार के साथ आचार्य राधे कृष्ण तिवारी ने रुद्राभिषेक का पूजन कराया। भिखारी बाबा ने बताया कि शिव शक्ति महिला मंडल ने पूजन अर्चन किया और जड़ी बूटियों से बनी हवन सामग्री से आहुति दी। इस दौरान समूचा मंदिर परिसर हर हर महादेव के जयकारे से गुंजायमान हो गया।





# प्रयागराज तीन इंस्पेक्टर व आठ सब इंस्पेक्टरों का हुआ स्थानांतरण

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** में तीन इंस्पेक्टर व आठ सब इंस्पेक्टरों का स्थानांतरण किया गया है। डीसीपी नगर दीपक भूकर ने सभी को स्थानांतरित कर इधर से उधर किया। बता दें कि मंगलवार की शाम डीसीपी नगर दीपक भूकर ने तत्काल प्रभाव से निरीक्षक ब्रजकिशोर गौतम को पुलिस लाइन से वाचक पुलिस उपायुक्त नगर, निरीक्षक अजय कुमार यादव को पुलिस लाइन से अतिरिक्त निरीक्षक थाना धूमनगंज, निरीक्षक राम लक्ष्मण सिंह यादव को पुलिस लाइन से अतिरिक्त निरीक्षक थाना दारागंज समेत आठ उपनिरीक्षकों को स्थानांतरित किया गया है।

# स्वरोजगारयुक्त बनाने के उद्देश्य से 04 माह का सामूहिक प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया जाना है

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** वित्तीय वर्ष 2023-24 में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओ0बी0सी0) के व्यक्तियों के लिए स्वरोजगारयुक्त बनाने के उद्देश्य से 04 माह का सामूहिक प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया जाना है। 04 माह के प्रशिक्षण में 01 माह का सैद्धन्तिक एवं 03 माह का व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान प्रति प्रशिक्षणार्थियों को रू0 1250/- प्रतिमाह अर्थात कुल रू0 5000/- देय होगा, जिसमें जलपान एवं यात्रा-भत्ता की धनराशि सम्मिलित होगी। प्रशिक्षणार्थियों के चयन हेतु न्यूनतम् आयु 18 वर्ष एवं अधिकतम आयु 45 वर्ष होगी। प्रशिक्षणार्थियों की तकनीकी टेड्डो में योग्यता 8वी पास होगी। योजनान्तर्गत पूर्व में प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके अभ्यर्थी पात्र नही होगें। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने के लिए इच्छुक अन्य पिछड़ा वर्ग (ओ0बी0सी0) पुरूष अभ्यर्थी हेतु इलेक्ट्रीशियन टेड्ड एवं महिला अभ्यर्थी हेतु ब्यूटीपार्लर टेड्ड के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं, जो ऑनलाइन पोर्टल ्ूज्ःध्ध् ्ग्ल्ज्स्ेस.ल्ज्म्ुदन्.ग्ह पर भरे गये आवेदन पत्र ही मान्य होगें। आवेदक को आधार कार्ड, पासपोर्ट साइज फोटो ग्राफ, स्कैन हस्ताक्षर, शैक्षिक योग्यता का प्रमाण पत्र (आठवी पास), बैक पासबुक के प्रथम पृष्ठ की छायाप्रति, जाति प्रमाण पत्र आवेदन पत्र के साथ अपलोड करना अनिवार्य है। इस सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी हेतु कार्यालय उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र, 5 नया कटरा प्रयागराज में सम्पर्क कर सकते है।


जिला अधिवक्ता संघ
इलाहाबाद
DISTRICT BAR ASSOCIATION ALLAHABAD

प्रकाशनार्थ

प्रयागराज 01 अगस्त 2023



# बाल मजदूरी व्यापार है, शिक्षा बच्चों का अधिकार है- सुधांशु शेखर शर्मा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** खण्ड विकास अधिकारी शुभम बरनवाल की अध्यक्षता में ब्लॉक चोपन के सभागार में ब्लॉक बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति, बाल विवाह, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, महिला शक्ति केंद्र की संयुक्त बैठक आहूत की गई। बैठक में सबसे पहले पूर्व में की गयी बैठक मे जारी निर्देशो के अनुपालन के बारे मे चर्चा किया गया खण्ड विकास अधिकारी द्वारा बाल श्रम रोकथाम हेतु जागरूकता के बारे मे विस्तृत जानकारी दी गयी साथ ही मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना व कन्या सुमंगला योजना में सभी पात्र बच्चों को जोड़ने हेतु सभी स्कूलों और आंगनवाड़ी केंद्रों से समन्वय बना कर बच्चों का आवेदन कराये जाने हेतु सम्बंधित को निर्देशित किया गया जिससे पात्र बच्चों को योजनाओं से लाभान्वित कराया जा सके। बैठक में संरक्षण अधिकारी रोमी पाठक द्वारा महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजना मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना व मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य), स्पॉन्शरशिप योजना, जनपद में संचालित बाल देखरेख संस्थाओं व बाल भिक्षावृत्ति, बाल विवाह, बाल तस्करी बाल यौन उत्पीड़न व दत्तक ग्रहण के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। महिला शक्ति केंद्र से जिला समन्वयक सीमा द्विवेदी द्वारा महिलाओं के लिए संचलित योजनाओं जैसे निराश्रित महिला पेंशन, स्वाधार गृह,वन स्टॉप सेंटर, रानी लक्ष्मीबाई महिला सम्मान कोष, विधवा पुत्री विवाह अनुदान आदि योजनाओं के बारे में चर्चा किया गया। उक्त बैठक में बाल विकास परियोजना से मुख्य सेविका सावित्री देवी, ग्राम स्वराज समिति के कार्यकर्ता संजय सिंह,आशा, आंगनवाडी कार्यकर्ता ग्राम प्रधान अनुदेशक, शिक्षा मित्र, पंचायत सहायक उपस्थित रहे।




# हत्या के दोषी राम सिंह को उम्रकैद

## 22 हजार रूपये अर्थदंड, न देने पर 6 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी डेढ़ वर्ष पूर्व हुए नान्हू गौड़ हत्याकांड का मामला

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** डेढ़ वर्ष पूर्व हुए नान्हू गौड़ हत्याकांड के मामले में मंगलवार को सुनवाई करते हुए अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम खलीकुज्जमा की अदालत ने दोषसिद्ध पाकर दोषी राम सिंह को उम्रकैद व 22 हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर 6 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। अभियोजन पक्ष के मुताबिक बीजपुर थानांतर्गत अंजनी टोला बखरिहवा निवासी लक्ष्मीनिया देवी पत्नी स्वर्गीय नान्हू गौड़ ने बीजपुर थाने में दी तहरीर में अवगत कराया था कि 4 नवंबर 2021 को उसका पति नान्हू गौड़ व रिश्तेदार बखरिहवा गांव निवासी राम सिंह पुत्र मोती सिंह शाम के समय घर से निकले की आपस में गाली गलौज करते हुए नान्हू गौड़ की गला दबाकर मार डाला। इस तहरीर पर राम सिंह के विरुद्ध एफआईआर दर्ज किया गया। मामले की विवेचना करते हुए विवेचक ने परुप्त सबूत मिलने पर राम सिंह के विरुद्ध कोर्ट में चार्जशीट दाखिल किया था। मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, गवाहों के बयान व  पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर दोषी राम सिंह को उम्रकैद व 22 हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर 6 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। अभियोजन पक्ष की ओर से अपर जिला शासकीय अधिवक्ता विनोद कुमार पाठक ने बहस की।

# बीजेपी के वरिष्ठ पूर्व सांसद और पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष रहे बीजेपी के वरिष्ठ नेता जनार्दन मिश्रा आकस्मिक निधन से शोकाकुल हुआ नगर

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सीतापुर।** बीजेपी के वरिष्ठ पूर्व सांसद और पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष रहे बीजेपी के वरिष्ठ नेता जनार्दन मिश्रा के आज आकस्मिक निधन से शोक की लहर दौड़ गयी। बीजेपी वरिष्ठ नेता की मौत की सूचना जंगल मे आग की तरह फैलते ही उनके आवास पर बीजेपी नेताओं और कार्यकर्ताओं की भीड़ उनके अंतिम दर्शन के लिए उमड़ पड़ी। जनार्धन मिश्रा ने 84 साल की उम्र में मंगलवार की सुबह 4 बजे अपने आवास पर अंतिम सांस ली। आवास पर अंतिम दर्शन के लिए बीजेपी के जनप्रतिनिधियों और बीजेपी नेताओं ने पहुंचकर उनके दर्शन किये। जनार्धन मिश्र के पार्थिव शरीर को उनके पैतृक आवास मो.सरायं पित्थू हरगांव ले जाया गया। जहां पर बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी सहित प्रदेश महामंत्री गोविंद नारायण शुक्ला और क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा,पीडब्ल्यूडी कैबिनेट मंत्री जितिन प्रसाद और एमएलसी पवन सिंह चौहान,ने पहुंचकर अंतिम दर्शन किये। इसके बाद जनार्धन मिश्र के पार्थिव शरीर को पंचतत्व में विलीन कर दिया गया। जिला मीडिया प्रभारी पवन सिंह शिल्पी ने बताया कि पूर्व सांसद जनार्धन मिश्र के अंतिम दर्शन के लिए बीजेपी विधायक,शशांक त्रिवेदी,रामकृष्ण भार्गव,मनीष रावत,निर्मल वर्मा,ज्ञान तिवारी,आशा मौर्या,कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही,नगर विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरु,बीजेपी जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा,क्षेत्रीय महामंत्री नीरज वर्मा, विश्राम सागर राठौर,राजेश शुक्ला,रोहित सिंह,जया सिंह,नैमिष रत्न तिवारी,नगर पालिका प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता,भंवर सिंह,अनूप विश्वकर्मा, दीपू भार्गव,विष्णु मौर्या,इंदु सिंह चौहान, विनीत त्रिवेदी ,संजय मिश्रा,उत्तम पांडेय, मृदुल मिश्रा,सोनू सिंह सहित अन्य बीजेपी नेता मौजूद रहे है। सांसद जनार्धन मिश्र का कार्यकाल वरिष्ठ बीजेपी नेता जनार्धन मिश्र 1988 से 1994 तक बीजेपी जिलाध्यक्ष रहे और 1991 से 1996 तक प्रथम बार देश के सर्वोच्च सदन लोकसभा के सदस्य भी रहे। 1966 से 1997 तक जनार्धन मिश्रा जी अवध क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष रहे। 1988 से 1999 तक द्वितीय बार देश के सर्वोच्च सदन लोकसभा के सदस्य रहे। सन 2000 से 2002 तक राष्ट्रीय परिषद के सदस्य रहे है।




# नाला में डूबने से मासूम बालक को हुई मौत

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।**स्थानीय चोपन थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत पनारी के टोला काशी खाड़ी में एक मासूम बालक का नाला में डूबने से मौत हो गई प्राप्त जानकारी के अनुसार आज मंगलवार लगभग ग्यारह बजे के करीब ग्राम पंचायत पनारी के टोला काशी खाड़ी में मृतक बाल गोविंद उम्र लगभग 5 वर्ष पुत्र शिवमंगल अगरिया खेलते खेलते नाला के पानी में जा पहुंचा पानी में डूबने से मासूम की मौत हो गई वहीं काफी देर हो जाने पर परिजनों ने बालक को खोज बीन करते हुए घर से दो सौ मीटर दूर नाला में मृतक बालक का शव मिलते ही घरो में हड़कंप मच गया परिजनों सहित आसपास के रहवासियों में मातम छा गया जिसके उपरांत स्थानीय रहवासियों ने इसकी सूचना चोपन पुलिस को दी और सूचना पाकर मौके पर पहुंची चोपन थाना की पुलिस अग्रीम कार्यवाही में जुटी।



# स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक ने मिर्जापुर के तीन डाक्टरों को सम्मानित किया

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** यूपी हेल्थ कॉन्क्लेव में उपमुख्यमंत्री सह स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक ने मिर्जापुर के तीन डाक्टरों को सम्मानित किया। यह कार्यक्रम लखनऊ स्थित एक निजी होटल में आयोजित किया गया था। उपमुख्यमंत्री ने चिकित्सकीय सेवा कार्य में जुटे डाक्टरों की सराहना करते हुए हुए कहा कि सेवा का मौका बड़े भाग्य से मिलता है।



# उपभोक्ता से बातचीत करने वाला व्यक्ति खुद को बिजली विभाग का कर्मी पैसे के लिए कर रहा है बात

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** वायरल आडियो के अनुसार उपभोक्ता को ढाई लाख के खर्च व कार्रवाई से बचने के लिए 30- 40 हजार रुपये देकर मैनेज करने की बात कही जा रही है। उपभोक्ता से बातचीत करने वाला व्यक्ति खुद को बिजली विभाग का कर्मी बता रहा है। बिजली विभाग की टीम बीते दनिों राबट्र्सगंज नगर के न्यू कॉलोनी में जांच के लिए पहुंची थी। टीम एक उपभोक्ता के घर पहुंची। बताया जा रहा है कि वहां बिजली चोरी के लिए छत पर केबल काटी गई थी।जो की मकान मालिक ने बिल्कुल इस बात को इनकार कर दिया बिजली चोरी मानते हुए टीम ने कनेक्शन काटते हुए कार्रवाई शुरू की।बिजली विभाग का कर्मचारी भी अपने को बता रहा है जिसका पैसे की बात हो रही है।



# वन विभाग के कर्मचारियों की लापरवाही की वजह से सैकड़ों हरे पौधे हो रहे बर्बाद

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।**वन प्रभाग ओबरा के अंतर्गत डाला बीट के न्यू प्लांटेशन नंबर 10 नौवटलिया में वन विभाग के कर्मचारियों की लापरवाही के कारण सैकड़ों हरे पौधे सूख कर जा रहा है। वही वन विभाग के कुछ कर्मचारियों के लापरवाही का नजारा इस कदर देखने को मिला कि होश उड़ गए। जी हाँ हम बात कर रहे हैं ओबरा वन प्रभाग के अंतर्गत डाला बीट के नौवटलिया कि वन विभाग पौधारोपण तो कर दे रहा है लेकिन न तो घेड़ाई की व्यवस्था हो रही है न तो कभी पानी दिया जा रहा है। जिसके कारण हजारों पौधे पेड़ बनने से पहले ही दम तोड़ देते हैं और वन विभाग के







बर्बाद हो गए। विभाग के बीट इंचार्ज व वन रक्षक के कोई फर्क नहीं।
जहां एक सरकार पर्यावरण को स्वच्छ व सुरक्षित रखने के लिए प्रत्येक वर्ष पौधारोपण का लक्ष्य निर्धारित कर पूर जोर-शोर से अभियान चलाया जाता है। लाखों पौधे रोपने का दावा भी होता है लेकिन पौधारोपण के बाद फिर उसे दोबारा नहीं देखा जाता रहा है कि वह किस हाल में हैं। नतीजा सूख जाने वाले पौधों से हरियाली भी नहीं लौट रही। साथ ही शासन का लाखों रुपये भी बर्बाद होता में जहां पौधे लगाए गए थे। वही इसमें से अधिकतर सूख चुके हैं। बहुत तो गायब हो गए हैं। जब ऐसे ही पौधारोपण की कोशिश होगी तो हरियाली कैसे आएगी। वही वन विभाग की ओर से पौधारोपण कराया गया था। रोपण के बाद देखभाल नहीं की जा रही है। न तो उन्हें कभी पानी दिया जा रहा है। मौजूदा समय में स्थिति यह है कि पानी न मिलने से गर्मी शुरू होते ही अधिकतर पौधे या तो सूख चुके हैं या फिर सूखने की कगार पर है। वही ग्रामीणों का कहना है कर्मचारी पल्ला झाड़ लेते हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ये पौधे 22 जुलाई को लगने वाले थे जिसे किसी की नजर न पड़े इसलिए इसे डाला रेंज के अन्तरगत डाला बीट के नौटोलिया न्यू प्लांटेशन न0 10 में रख कर सुखाए जा रहे है वही ग्रमीणों का कहना है कि यह के वन रक्षक लल्लू सिंह व वन दरोगा त्रिलोकी दुबे है ये लोग केवल रात्रि में गस्त के नाम पर अवैध वसूली करते है.इनके टीम में इरफान खान व अंकित सिंह भी शामिल है।


# पौधरोपण कर करें संरक्षण हर वर्ष मनेगा जन्मदिन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व के कार्यक्रम के अनुसार 22 जुलाई से 15 अगस्त तक वृहद पौधरोपण कार्यक्रम के अंतर्गत मंगलवार को जिले में भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा काशी क्षेत्र के अध्यक्ष सदर ब्लाक प्रमुख अजीत रावत द्वारा ग्राम पसही कला में क्षेत्र पंचायत सदस्य संतोष कुमार के घर के पास फलदार पौधरोपण किया गया जिसमें कलमी आम लगाकर वृक्षारोपण का संकल्प लिया साथ ही 2024 में लगाए गए उस वृक्ष का जन्मदिन दिन मंनाने का संकल्प लिया गया ।वही ब्लॉक प्रमुख सदर अजीत रावत ने कहा पौधरोपण करने का कार्य महान एक वृक्ष सौ पुत्र समान आज आम जनमानस सेतु तमाम ऐसी प्राकृतिक घटनाओं से परेशान है जिनका कारण है लोग प्रतिदिन ब्रिज करते जा रहे हैं हम सभी लोगों को संकल्प लेकर रोज प्रति वृक्ष लगा से बचने के लिए शंकर पर लेकर प्रतिदिन पिछला गाना चाहिए पर्यावरण संरक्षण पर ध्यान देना चाहिए। आज पर्यावरण संरक्षण के लिए भाजपा सरकार द्वारा बेहद रूप से पौधरोपण अभियान के तहत हर कार्यकर्ता हर बूथ पर पौधरोपण करते हुए एक विशाल संदेश देने का कार्य करेंगे वही उसकी संरक्षण व उसका जन्मादिन मनाने के लिए भी लोगों को प्रेरित किया गया कि लोग बढ़-चढ़कर इसमें भागीदारी करें वातावरण संतुलित करने के लिए हमारा आपका सहयोग एक वृक्ष के साथ एक संदेश देने का कार्य किया जाएगा इस मौके पर पंचायत सदस्य संतोष कुमार, अमन वर्मा आदि लोग मौजूद रहे।



# नगर विकास मंत्री को पत्र भेज की जांच की मांग

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के मंडल मंत्री रिजवान अहमद ने



नगर पंचायत के द्वारा अटल नगर में मनमाने ढंग से कराए जा रहे सड़क निर्माण कार्य की जांच कराये जाने को लेकर प्रदेश के नगर विकास मंत्री को पत्र भेजा। आरोप लगाते हुए अहमद ने बताया कि नगर पंचायत के वार्ड नंबर 14 अटल नगर में प्राथमिक विद्यालय से सटे सड़क निर्माण के दौरान प्रयोग किए जाने वाले सीमेंट से बने इंटरलॉकिंग ईंट पूरी तरह से गुणवत्ता विहीन है एवं इंटरलॉकिंग सड़क को मानकों के विपरीत बिना सोलिंग डालें बनाया जा रहा है। जिसकी वजह से कुछ ही दिनों में सड़क धंस जाएगी और लगे हुए ईट घटिया सामग्रियों के बने होने के कारण टूट जा रहे हैं। जिससे कार्य कर रहे ठेकेदार द्वारा व्यापक भ्रष्टाचार की आशंका है। जिससे प्रदेश सरकार की छवि जनता के बीच धूमिल हो रही है। जनहित में सड़क निर्माण कार्य की जांच कराई जाए और भ्रष्टाचारियों के ऊपर कठोर कार्यवाही की जानी चाहिए। इस संबंध में सुबे के सीएम समेत कमिश्नर, डीएम एवं एसडीएम को भी पत्र के माध्यम से संज्ञानित कराया गया।

# प्रधानमंत्री यशस्वी योजना के अंतर्गत बच्चों को छात्रवृत्ति दी जानी है

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मिर्जापुर।** प्रधानमंत्री यशस्वी योजना के अंतर्गत बच्चों को छात्रवृत्ति दी जानी है। ऐसे बच्चे, जिन्होंने इस साल कक्षा 8 वीं और 10 वीं पास करने के बाद कक्षा 9 वीं तथा कक्षा 11 वीं में एडमिशन लिया है, जिनके परिवार की वार्षिक आय ढाई लाख रुपये से कम है, उनके लिए ये बहुत ही सुनहरा मौका है। ऐसे बच्चों के लिए एक लिखित परीक्षा होगी, उसमें अच्छे नंबर लाने पर कक्षा 9 वीं के बच्चों को 75 हजार, और 11 वीं के बच्चों को एक लाख पच्चीस हजार रुपये छात्रवृत्ति मिलेगी। यह बहुत अच्छा मौका है इस परीक्षा में ज्यादा से ज्यादा बच्चों को आनलाईन रजिस्ट्रेशन करवाया जाना चाहिए। सभी लोगों से खास अपील है कि ऐसे तमाम बच्चों के परिवारों तक जानकारी पहुंचाने की कोशिश कीजिये।



# मोहनपुर पहाड़ी स्थित एक जमीन का राज्य विश्वविद्यालय के लिए निरीक्षण किया

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मिर्जापुर।**मंडलायुक्त डॉ. मुथुकुमार स्वामी बी. और जिलाधिकारी दिव्या मित्तल के साथ अन्य अधिकारियों ने मंगलवार को मोहनपुर पहाड़ी स्थित एक जमीन का राज्य विश्वविद्यालय के लिए निरीक्षण किया। इसके पहले भी राज्य विश्वविद्यालय के लिए बरकछा व अन्य जगहों पर जमीन देखी गई थी। प्रदेश के कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल के निर्देश पर मंडलायुक्त डॉ. मुथुकुमार स्वामी व जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने अधिकारियों के साथ मोहनपुर पहाड़ी पर पहुंचकर जमीन देखी। अपना दल (एस) के प्रदेश महासचिव दुर्गेश पटेल ने कैबिनेट मंत्री को पत्र लिखकर मोहनपुर पहाड़ी पर विश्वविद्यालय बनवाए जाने के लिए अनुरोध किया था। इस पर कैबिनेट मंत्री ने मंडलायुक्त को निर्देश दिया कि वे वहां पर संबंधित भूमि का निरीक्षण कर लें। बताया जा रहा है कि मोहनपुर पहाड़ी की भूमि समतल है, जबकि इसके पूर्व बरकछा के पास जो भूमि देखी गई थी, वह उबड़-खाबड़ थी। साथ ही उस जगह बीएचयू का दक्षिणी परिसर होने के कारण काफी विकास कार्य हो चुके हैं।



# प्रयागराज यमुनानगर में फाइनेंस में कंपनी के कर्मचारी से पौने दो लाख रुपए की लूट

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** प्रयागराज के यमुनानगर के औद्योगिव क्षेत्र थाना में फाइनेंस कंपनी के कर्मचारी से लगभग पौने दो लाख रुपए की लूट का मामला सामने आ रहा है। बाइक सवार दो बदमाशों ने बरामार मिली जानकारी के अनुसार औद्योगिक क्षेत्र के बरामार गांव के समीप बाइक सवार तीन बदमाशों ने एक युवक से रुपयों से भरे बैग लेकर फरार भुक्तभोगी के मुताबिक वह एक प्राइवेट फाइनेंस कंपनी के लिए काम करता है। मंगलवार शाम और उसके साथ मारपीट करते हुए रुपयों से भरे बैग को लूट कर फरार हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस वारदात स्थल पर पहुंची और मामले की जांच पड़ताल करते हुए बदमाशों को पकड़ने के लिए ग्रामीण क्षेत्र इलाके के सड़क किनारे मकानों



गांव के पास तमंचा सटाकर बैग छीन लिए। कौंधियारा निवासी सूरज बिंद रुपए कलेक्शन पर बाइक से वापस लौट रहा था। मामला संदिग्ध बताया जा रहा है। इलाकाई पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है। पुलिसिया जांच के बाद ही मामला स्पष्ट हो पाएगा को वह औद्योगिक क्षेत्र के नीबी गांव से पैसे कलेक्शन कर बैग में लगभग 1 लाख 74 हजार रुपए रखकर नैनी कोतवाली क्षेत्र के पीडीए कॉलोनी की ओर जा रहा था। जैसे ही वह औद्योगिक क्षेत्र के बरामार गांव के समीप पहुंचा तभी बाइक सवार तीन बदमाशों ने उसे घेर लिया में लगे सीसीटीवी कैमरे को भी चेक करने में जुटी हुई है। जबकि बदमाशों को पकड़ने के लिए पुलिस टीम कई स्थानों पर ताबड़तोड़ दबिश देने में जुटी हुई है। वहीं भुक्तभोगी ने बदमाशों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए संबंधित थाने में तहरीर दी है।

# भाजपा में जानें की अफवाहों पर पूर्व मंत्री इंद्रजीत सरोज व सपा विधायक पूजा पाल ने लगाया विराम

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** प्रयागराज से पूर्व मंत्री इंद्रजीत सरोज व सपा विधायक पूजा पाल के भाजपा में जानें की अफवाहों पर विराम लग गया है। सपा विधायक पूजा पाल ने ट्वीट कर भाजपा में जानें की बात को अफवाह बताया वहीं पूर्व मंत्री व लेकर सपा विधायक इंद्रजीत सरोज ने स्पष्ट कहा, ठकुछ मीडिया व सोशल मीडिया के लोग अपनी टीआरपी बढ़ाने के लिए हम जैसे नेताओं को लेकर दल बदल की खबर चला रहे हैं। जो कि गलत हैं। मैं 25 साल से विधायक हूं और इस तरह से मेरी छवि धूमिल करने कहा, कि यदि उन्होंने पार्टी से निष्कासित न किया होता तो मैं बसपा भी नहीं छोड़ता। लेकिन अब मैं पूरी तरह से सपा में हूं और सपा में रहूंगा। उन्होंने कौशांबी के चायल सीट से सपा विधायक पूजा पाल के संबंध में कहा, मुझे लगता है जिस




कौशांबी से सपा विधायक इंद्रजीत सरोज बोले, ठमैं भाजपा में नहीं जा रहा हूं, उसमें जाने की खबर पूरी तरह से अफवाह है। मैं सपने में भी भाजपा नहीं जा सकता।ठ उन्होंने कहा, ठअखिलेश यादव के साथ बहुत सोच समझकर आया हूं, मुझे समाजवादी पार्टी में ही रहना है। आपको बता दें कि पिछले कुछ दिनों से सपा विधायक इंद्रजीत सरोज के सपा में छोड़कर भाजपा में जाने की बात सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। इन्हीं अफवाहों को का प्रयास करना गलत है। इंद्रजीत सरोज ने कहा, यह किसने और किस आधार पर कह दिया कि वह भाजपा में जाएंगे। जबकि मैंने भाजपा में जाने के लिए भी भाजपाई से बातचीत नहीं किया, और न हीं भाजपा के लोग हमसे बात किए हैं। इस विषय पर, तो मेरे भाजपा में जाने की बात कहां से आ गई? में जिसके साथ रहता हूं पूरी ईमानदारी से रहता हूं, चाहे बसपा में रहा चाहे आज सपा में हूं। उन्होंने बसपा प्रमुख मायावती का जिक्र करते हुए तरह से मेरे बारे में भाजपा में जाने की गलत बातें फैलाई जा रही हैं, वैसे ही उनके बारे में भी यह बातें हो रही हैं। वहीं सपा विधायक पूजा पाल ने ट्वीट कर कहा कि सोशल मीडिया पर चलाए जाने वाली खबर असत्य व बेबुनियाद है, मैं किसी पार्टी में नहीं जा.. रही हूँ सब राजनीतिक दलों की साजिश है में समाजवादी पार्टी ही हूँ, ये मेरी छवि को लोगों के बीच धूमिल करने का प्रयास है।

# हे राम भक्तों तुम्हें अयोध्या बुला रही हैं ,पर झुमें श्रद्धालु

## भरत का त्याग सर्वश्रेष्ठ त्याग है- जगतगुरु

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** श्री हनुमान सेवा न्यास और श्रीराम राज फाउंडेशन द्वारा जगतगुरु रामभद्राचार्य द्वारा नोएडा स्टेडियम में संचालित श्री रामकथा का सातवाँ दिन शाम 5 बजे से अमृत महोत्सव मना रहा हूँ उसी समय अयोध्या में राम लला भी मंदिर में प्राण प्रतिष्ठित होंगे । कथा का वाचन करते हुए गुरु जी ने आज श्री राम के वन जाने की व्यथा का वर्णन करते हुए कहा भरत का



प्रारंभ हुआ । जगतगुरु के मंच पर आने पर श्री राघव की विधिवत पूजा अर्चना हुई पूजा में गणमान्य श्रद्धालुओं की भागीदारी हुई । पूजा के बाद प्रसिद्ध कवि सुनील योगी ने हे राम भक्तों तुम्हें अयोध्या बुला रही है पर ज़बरदस्त प्रस्तुति दी । गाने से प्रसन्न होकर जगतगुरु भी गाने लगे हे राम भक्तों तुम्हें अयोध्या बुला रही है । जब गुरु जी ने कथा प्रारंभ की तो स्वयं की रचित चौपाई कालहू डरही न रण रघुवंशी की पंक्तियो का उद्बोधन किया । गुरु जी ने बताया की मैं जीवन के 75 वें वर्ष में पहुँच रहा हूँ जब मैं अपना त्याग भी सर्वश्रेष्ठ त्याग की श्रेणी में आता है ,भरत के त्याग से देवता , अयोध्यावासी यहाँ तक रावण भी चकित था । भरत ने अर्थ धर्म काम और मोक्ष सबका त्याग कर दिया सिर्फ़ भाई के प्रेम में । कथा के दौरान नोएडा में चारो तरफ़ बारिश हुई किंतु पंडाल के आस पास बारिश का प्रभाव नही था यह भी एक संयोग और आश्चर्य ही था । कथा में ज़ेवर विधायक धीरेंद्र सिंह उपस्थित हुए । कथा अब अपने समापन के अंतिम पड़ाव पर चल रही है और शेष दो दिन की कथा और चलेगी ।

# अज्ञात नाबालिग बालिका के सम्बन्ध में सूचना प्राप्त होते ही तत्काल संज्ञान


**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** विश्वस्त सूत्रों से जानकारी प्राप्त हुआ की जिला संयुक्त चिकित्सालय लोढी मे ऐक अज्ञात नाबालिग बालिका को




उपचार किया जा रहा है जिसके सम्बन्ध में तत्काल संज्ञान लेते हुए जिला बाल संरक्षण अधिकारी सुधांशु शेखर शर्मा द्वारा वन स्टाप सेन्टर से केन्द्र प्रशासक दीपिका सिंह, महिला शक्ति केन्द्र से जिला समन्वयक सीमा द्विवेदी व जिला बाल संरक्षण इकाई से ओ आर डब्ल्यू शेषमणि दुबे की संयुक्त टीम गठित कर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करते हुए अवगत कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया जिसके बाद टीम द्वारा तत्काल जिला संयुक्त चिकित्सालय लोढी मे मौकेपर जाकर अज्ञात नाबालिग बालिका से पुछ ताछ किया गया बालिका द्वारा बताया गया कि हमारे चाचा चाची हमसे जबरी भिख मगवाते थे बालिका के काउंसिलग व डॉक्टर से परामर्श के उपरान्त नाबालिग बालिका को अपने अभिरक्षा में लेते हुए नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करते हुए बाल कल्याण समिति के आदेश के उपरान्त नाबालिग बालिका को बाल गृह बालिका इन्द्रपुरी कालोनी रार्वटसगंज मे आवासित करवा दिया गया है साथ ही जिला बाल संरक्षण अधिकारी द्वारा बताया गया कि आज ही एक महिला अपने तीन नाबालिग बच्चों के साथ कार्यालय आयी और संरक्षण प्रदान किये जाने हेतु गुहार लगाने लगी जिसके सम्बन्ध में तत्काल महिला के साथ ही उसके तीन नाबालिग बच्चों को नियमानुसार संस्था मे आवासित कराया दिया गया है दोनो प्रकरणों में जाँचोपरान्त नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही की जायेगी।

# हिंदी के बाद अब तेलुगु ओटीटी डेब्यू के लिए तैयार चक्रवता

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** निर्देशक राम गोवाल वर्मा ने कई दक्षिण भारतीय कलाकारों का परिचय हिंदी सिनेमा



से करवाया। उनमें से एक जेडी चक्रवर्ती भी हैं, वर्मा की फिल्म शिवा से 1990 में हिंदी फिल्मों में पारी शुरू की। हिंदी फिल्मों में जेडी को ज्यादा सक्सेस नहीं मिली, मगर सत्या के जरिए उन्होंने हिंदी फिल्मों के इतिहास में जगह बना ली। इस फिल्म की बात चलते ही भले ही मनोज बाजपेयी और उर्मिला मातोंडकर का नाम जहन में आये, मगर सत्या फिल्म का सत्या चक्रवर्ती ही थे। शिवा से हिंदी फिल्मों में डेब्यू करने वाले चक्रवर्ती ने ताजा खबर वेब सीरीज से ओटीटी पारी शुरू की और अब दया वेब सीरीज से तेलुगु भाषा में ओटीटी डेब्यू कर रहे हैं। क्या है दया सीरीज की कहानी दया फ्रीजर वैन ड्राइवर है, जो संकोची स्वभाव का है। काकीनाड़ा पोर्ट के पास एक गांव में अपनी पत्नी एलिवेलु के साथ रहता है। उसका दोस्त प्रभा उसकी मदद करता है, जो उसके लिए भाई की तरह है। उसकी जिंदगी में तब भूचाल आता है, जब उसकी फ्रीजर वैन में एक जवान युवती की लाश मिलती है। वो कुछ कर पाये, उससे पहले ही एक अनजान व्यक्ति उसे ब्लैकमेल करना शुरू कर देता है। दया पुलिस को इसमें शामिल नहीं करना चाहता। कब स्ट्रीम होगी दया सीरीज? दया सीरीज 4 अगस्त से डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर तमिल, मलयालम, कन्नड़, बंगाली, मराठी और हिंदी भाषाओं में स्ट्रीम की जाएगी। जेडी ने सीरीज को लेकर कहा-तेलुगु में मेरा डेब्यू होने की वजह से सीरीज मेरे लिए बेहद खास है। इसके कॉन्सेप्ट ने मुझे पहली नजर में प्रभावित किया था। यह ऐसा कुछ नहीं है, जो हर रोज आपके पास आता हो। सिर्फ स्क्रिप्ट नहीं, बल्कि इस कहानी के बीच में जो मोमेंट्स हैं, उन्होंने भी मुझे करने के लिए प्रेरित किया। इन लम्हों को एक बेहतरीन निर्देशक ही ला सकता है।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में एअर फोर्स डे-2023 की तैयारियों के सम्बंध में बैठक सम्पन्न

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** जिलाधिकारी ने समन्वय बनाकर सकुशल तरीके से कार्यक्रम का आयोजन सम्पन्न कराये जाने के लिए कहा



जिलाधिकारी श्री संजय कुमार खत्री की अध्यक्षता में बुधवार को संगम सभागार में एअर फोर्स डे-2023 की तैयारियों के सम्बंध में बैठक आयोजित की गयी। एअर फोर्स डे-2023 का आयोजन 08 अक्टूबर, 2023 को प्रस्तावित है, जिसमें परेड एअरफोर्स, बमरौली के कमाण्ड सेंटर में तथा संगम तट पर एअर शो का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है। एअर फोर्स डे को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के लिए जिलाधिकारी ने एअर फोर्स के अधिकारियों एवं सेना के अधिकारीगणों से कहां पर क्या-क्या आवश्यकता है, के लिए प्रस्ताव मांगे है। उन्होंने एअरफोर्स के अधिकारियों के द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रस्ताव पर जिला प्रशासन की तरफ से टीम का गठन कर आपस में समन्वय बनाकर कार्यक्रम का सकुशल तरीके से आयोजन सम्पन्न कराये जाने के लिए कहा है। जिलाधिकारी ने कहा कि जो भी टॉस्क मिले है, उसके लिए एक टीम बना ली जायेगी, जिसमें मजिस्टेट्ट सहित पुलिस विभाग के अधिकारीगण रहेंगे। जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग को विद्युत तार से सम्बंधित तैयारी के लिए एक टीम का गठन करके उसकी सूची देने के लिए कहा है। उन्होंने अपर जिलाधिकारी मेला श्री दयानंद को संगम क्षेत्र में लोक निर्माण विभाग सहित सम्बंधित विभाग के अधिकारियों से समन्वय बनाकर आवश्यक कार्यवाही करने के लिए कहा है। मुख्य चिकित्साधिकारी को स्वास्थ्य विभाग से सम्बंधित कार्यों के लिए टीम का नोडल अधिकारी नामित किया गया है, जिसमें दवाओं, एम्बुलेंस सहित अन्य व्यवस्था कराये जाने के लिए कहा है तथा एक कंट्रोल रूम की स्थापना भी कराये जाने के लिए कहा है, जिसमें सभी सम्बंधित विभागों के एक-एक अधिकारीगण उपस्थित रहेंगे। सुरक्षा एवं यातायात के दृष्टिगत एक टीम का गठन किया जायेगा तथा पूरे कार्यक्रम के संचालन के लिए नोडल अधिकारी के रूप में एक अपर जिलाधिकारी नियुक्त किये जायेंगे। उन्होंने नगर निगम को आयोजित स्थल पर साफ-सफाई सहित अन्य कार्यों हेतु आवश्यक कार्ययोजना बनाये जाने के लिए कहा है। इस अवसर पर डी0सीपी0 गंगापार श्री अभिषेक भारतीय, अपर जिलाधिकारी नगर श्री मदन कुमार, अपर जिलाधिकारी मेला श्री दयानंद, मुख्य चिकित्साधिकारी श्री आशु पाण्डेय सहित एयरफोर्स के अधिकारीगण एवं जिला प्रशासन के अधिकारीगण उपस्थित रहे।



# राशिफल



**मेष-:तली-भुनी चीजों से दूर रहें और नियमित व्यायाम करते रहें. घरेलू सुख-सुविधा की चीज़ों पर ज़रूरत से ज़्यादा खर्च़ न करें। पिता का तल्ख बर्ताव आपको नाराज़ कर सकता है।**

**वृष-:जीवन की सभी कठिन परिस्थितियों में आपको अपने माता-पिता का पूरा सहयोग मिलेगा. जो लोग प्रेम के मोर्चे पर मायूस महसूस कर रहे हैं।**

**मिथुन-:क्षणिक क्रोध विवाद और दुर्भावना का कारण बन सकता है. मनोरंजन और सौन्दर्य वृद्धि पर आवश्यकता से अधिक समय व्यतीत न करें।**

**कर्क-:आज सभी ग्रह और सितारे आपके पक्ष में हैं, आप जिस भी काम में हाथ डालेंगे, उसमें आपको सफलता जरूर मिलेगी. आज के दिन यात्रा की योजना बन सकती है।**

**सिंह-:आपकी इच्छा शक्ति को प्रोत्साहन मिलेगा, क्योंकि आप बहुत उलझी हुई परिस्थितियों से निकलने में क़ामयाब रहेंगे. भावनात्मक फैसले लेते समय अपनी तार्किकता को न छोड़ें।**

**कन्या-:प्रेम के मामले में सफलता मिलेगी. नए कार्यों की शुरुआत करना शुभ रहेगा। आज अपने प्रिय के साथ अपनी व्यक्तिगत भावनाओं और गोपनीय मामलों को साझा करने का सही समय है।**

**तुला-: जो लोग आपके पास कर्ज के लिए आते हैं, बेहतर होगा आप उन्हें नजरंदाज करें. पारिवारिक मोर्चे पर चीज़ें अच्छी रहेंगी और आप अपनी योजनाओं को पूरा समर्थन मिलने की उम्मीद कर सकते हैं।**

**वृश्चिक-:छात्रों के लिए दिन अनुकूल है क्योंकि प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता मिल सकती है। जमीन-जायदाद संबंधी कार्य स्थगित करना आपके हित में रहेगा।**

**धनु-:इससे पहले कि नकारात्मक विचार मानसिक रोग का रूप लें, आपको उन्हें समाप्त कर देना चाहिए. आप किसी परोपकारी कार्य में हिस्सा लेकर ऐसा कर सकते हैं।**

**मकर-:लंबे समय से चली आ रही दिक्कतों से आज आपको छुटकारा मिल सकता है. आगे बढ़ने के बजाय अपने सभी आगामी कार्यों को पूरा करना ही समझदारी होगी।**

**कुंभ-:भावनात्मक रूप से बहुत अच्छा दिन नहीं रहेगा. आर्थिक समस्याओं के कारण आपको आलोचना और वाद-विवाद का सामना करना पड़ सकता है।**

**मीन-:आज आप सकारात्मक ऊर्जा से भरपूर रहेंगे, जिसका असर आपके आसपास के लोगों पर भी पड़ेगा. खुद के काम से समय निकालकर परिवार के साथ अधिक समय बिताना संभव नहीं होगा।**






# अपर मण्डल रेल प्रबन्धक आपरेशन का कार्यभार राजेश कुमार सिंह ने ग्रहण किया

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**वाराणसी।**राजेश कुमार सिंह ने आज मंगलवार को पूर्वोत्तर रेलवे वाराणसी मण्डल के अपर मण्डल रेल प्रबन्धक आपरेशन का कार्यभार ग्रहण किया। इसके पूर्व श्री सिंह बनारस रेल इंजन कारखाना वाराणसी में उप मुख्य सतर्कता अधिकारी के पद पर कार्यरत थे। राजेश कुमार सिंह ने बी-टेक की डिग्री 1995 में आई आई टी रुड़की से एवं एम-टेक की डिग्री 1998 में काशी हिन्दू विश्व विद्यालय,वाराणसी से अर्जित की है।श्री सिंह इण्डियन रेलवे स्टोर सर्विसेज के माध्यम से वर्ष 2001 में रेल सेवा में आये और अपने कैरियर की शुरुआत पूर्व मध्य रेलवे के समस्तीपुर मण्डल से 2004 में सहायक मंडल सामाग्री प्रबन्धक के पद से किया। इसके उपरान्त आपने बनारस रेल इंजन कारखाना में उप मुख्य सामाग्री प्रबंधक तथा वरिष्ठ मंडल आंकड़ा प्रबंधक के पद पर कार्य करते हुए अपने क्षेत्र में कई उल्लेखनीय कार्य किये हैं। श्री सिंह को अपने विभाग से सम्बन्धित तकनीकी कार्यों के ज्ञान एवं अनुभव के अलावा सामान्य प्रशासन में भी कार्य करने का गहन अनुभव है।जिसके फलस्वरूप आप रेल अधिकारियों एवं कर्मचारियों के बीच बेहद लोकप्रिय है। इस आशय की जानकारी पूर्वोत्तर रेलवे मण्डल रेल प्रबंधक वाराणसी के जनसम्पर्कअधिकारी अशोक कुमार ने मीडिया को दी।



# सम्पादकीय

## न्यूनतम पेंशन की राशि बढ़ाने का कोई प्रस्ताव नहीं

केंद्रीय कार्मिक राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने बुधवार को कहा कि न्यूनतम पेंशन, पारिवारिक पेंशन की राशि बढ़ाने का कोई प्रस्ताव नहीं है। उन्होंने लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा कि केंद्र सरकार के तहत न्यूनतम पेंशन, पारिवारिक पेंशन की राशि 9,000 रुपये प्रति माह है। सिंह ने कहा कि 20,93,462 पारिवारिक पेंशनभोगियों सहित 44,81,245 पेंशनभोगी हैं और सरकार ने 2022-23 के दौरान उन पर 2,41,777.55 करोड़ रुपये खर्च किया है। हालांकि, उन्होंने कहा कि पेंशनभोगी, पारिवारिक पेंशनभोगी समय-समय पर कीमतों में बदलाव के आधार पर महंगाई राहत के हकदार हैं 3100 से अधिक अंतरराष्ट्रीय सिविल सेवकों को प्रशिक्षण दिया गयाः सरकार केंद्रीय कार्मिक राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने बुधवार को कहा कि राष्ट्रीय सुशासन केंद्र (एनसीजीजी) द्वारा विदेशों के 3,112 सिविल सेवकों को प्रशिक्षण दिया गया है। उन्होंने कहा कि ।इनमें से 2,099 बांग्लादेश से, 818 मालदीव से, 97 म्यांमार से, 49 गाम्बिया से, 19 अन्य अफ्रीकी देशों (केन्या, तंजानिया, ट्यूनीशिया और सेशेल्स) से और 30 कंबोडिया से थे। सिंह ने लोकसभा में एक लिखित उत्तर में कहा कि वर्ष 2023-24 में 1,750 अंतरराष्ट्रीय सिविल सेवकों को प्रशिक्षण देने के लिए 45 अंतरराष्ट्रीय क्षमता निर्माण कार्यक्रमों की योजना बनाई गई है। विशेष वोस्ट्रो खाता खोलने के लिए रूसी बैंकों के 34 आवेदनों को मिली मंजूरीआरबीआइ ने दो जुलाई तक विशेष रुपया वोस्ट्रो खाते खोलने के लिए विभिन्न रूसी बैंकों के 34 आवेदनों को मंजूरी दे दी है। वाणिज्य और उद्योग राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने लोकसभा में एक लिखित उत्तर में कहा कि प्रमुख रूसी बैंकों पर पश्चिमी देशों के प्रतिबंधों के कारण भुगतान में कठिनाइयों से रूस के साथ भारत का व्यापार प्रभावित हुआ है। मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार ने न केवल रूस के साथ निर्यात को बनाए रखने, बल्कि राष्ट्रीय मुद्राओं में भुगतान करने, अंतरराष्ट्रीय उत्तर दक्षिण परिवहन गलियारे और पूर्वी समुद्री (चेन्नई-व्लादिवोस्तोक) गलियारे के सुचारू संचालन के लिए कई कदम उठाए हैं। 2023 में 36 वेबसाइटों के हैकिंग की घटना सामने आई केंद्र और विभिन्न राज्य सरकारों के तहत मंत्रालयों और विभागों की कम से कम 36 वेबसाइटों को 2023 के पहले छह महीनों में हैकिंग की घटनाओं का सामना करना पड़ा। साइबर सुरक्षा निगरानी संस्था सीईआरटी-इन ने इन घटनाओं पर नजर रख रही है। लोकसभा में इलेक्ट्रानिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने बताया कि सीईआरटी-इन द्वारा कुल 1,12,474 साइबर सुरक्षा घटनाओं को ट्रैक किया गया है। मंत्री ने यह भी बताया कि 2023 की पहली छमाही में वित्तीय संस्थानों से संबंधित 4.29 लाख से अधिक साइबर सुरक्षा घटनाएं हुईं।केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने मंगलवार को लोकसभा में यह विधेयक पेश किया। विधेयक केंद्र सरकार को अधिकारियों और कर्मचारियों के कार्यों, नियमों और सेवा की अन्य शर्तों सहित राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार के मामलों के संबंध में नियम बनाने का अधिकार देता है।इससे पहले सोमवार को प्रधानमंत्री मोदी ने 2024 के लोकसभा चुनावों के लिए भाजपा की तैयारियों के तहत पश्चिमी उत्तर प्रदेश, बुंदेलखंड और ब्रज क्षेत्र के एनडीए सांसदों के साथ बैठकें की थीं और उनसे लोगों तक सरकारी योजनाओं की जानकारी देने का आग्रह किया। क्या कुछ बोले थे इश् मोदी प्रधानमंत्री मोदी ने पश्चिम बंगाल, ओडिशा और झारखंड के एनडीए सांसदों के साथ बैठक में कहा था कि गठबंधन की 25 साल की यात्रा अभूतपूर्व रही है और एनडीए इसे आगे ले जाने का इरादा रखता है। हम मिलकर 2024 में जीत सुनिश्चित करेंगे। कड़ी प्रतिस्पर्धा के कारण एमटीएनएल और बीएसएनएल के ग्राहक घटे संसद को बुधवार को सूचित किया गया कि सरकारी स्वामित्व वाली दूरसंचार सेवा प्रदाताओं एमटीएनएल और बीएसएनएल ने क्षेत्र में कड़ी प्रतिस्पर्धा के साथ-साथ 4जी सेवाओं की कमी के कारण पिछले तीन वर्षों में ग्राहकों की संख्या में गिरावट देखी है। संचार राज्य मंत्री देवु सिंह चौहान ने लोकसभा में एक लिखित उत्तर में कहा कि केंद्र से वित्तीय राहत पैकेज के बाद बीएसएनएल और एमटीएनएल 2020-21 से परिचालन रूप से लाभ में है। चौहान ने कहा कि सरकार की आत्मनिर्भर पहल के अनुरूप, बीएसएनएल ने अगले 18-24 महीनों में पूरे भारत में 4जी सेवाएं शुरू करने के लिए एक लाख साइटों के लिए खरीद आदेश जारी किए हैं।

# छठे इन्डियन इन्टरनेशनल हास्पिटैलिटी एक्सपो का हुआ उद्घाटन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** छठे इंडियन इंटरनेशनल हॉस्पिटैलिटी एक्सपो, आईएचई 2023 का उद्घाटन हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू द्वारा इंडिया एक्सपोज़िशन मार्ट लिमिटेड (आईईएमएल) में भारी धूमधाम के बीच किया गया । भारत के सर्वश्रेष्ठ हॉस्पिटैलिटी इंडस्ट्री को प्रदर्शित करने वाला चार दिवसीय कार्यक्रम 2 अगस्त से 5 अगस्त तक चलेगा। आईईएमएल के अध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार ने मुख्यमंत्री और हिमाचल प्रदेश के मुख्य सचिव प्रबोध सक्सैना, हिमांचल प्रदेश ट्यूरिज्म डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन के चेयरमैन रघुबीर सिंह बाली, हिमाचल प्रदेश रेजिडेंट कमिश्नर सुश्री मीरा मोहंती, और अन्य विशिष्ट अतिथियों का स्वागत किया। डॉ. कुमार के स्वागत भाषण ने राज्य की सुंदरता और आतिथ्य की प्रशंसा करते हुए हिमाचल प्रदेश को मीटिंग्स, इंसेंटिव्स, कॉन्फ्रेंस और प्रदर्शनियों (एमआईसीई) के लिए एक प्रमुख स्थल के रूप में पेश किया गया। उन्होंने एक अत्याधुनिक क्षेत्रीय केंद्र विकसित करने के लिए हिमाचल प्रदेश सरकार के साथ सहयोग करने के लिए आईईएमएल की इच्छा प्रकट की। उद्घाटन सत्र के दौरान प्रबोध सक्सेना ने हाल की प्राकृतिक आपदाओं के प्रबंधन, सामान्य स्थिति में शीघ्र वापसी सुनिश्चित करने में राज्य के प्रयासों की सराहना की और राज्य को एक पर्यटन स्थल के रूप में रेखांकित किया। उन्होंने कांगड़ा को एमआईसीई हब के रूप में विकसित करने की योजना की घोषणा की, यह देखते हुए कि हाल ही में राज्य के कुछ हिस्सों को प्रभावित करने वाली प्राकृतिक आपदाओं के बावजूद यह क्षेत्र पर्यटन के लिए सुरक्षित है। रघुबीर सिंह बाली ने प्राकृतिक आपदाओं के दौरान राज्य के प्रयासों की सराहना की और एडीबी परियोजना में 2,500 करोड़ रुपये का निवेश करके पर्यटन बुनियादी ढांचे के विकास और विस्तार के लिए राज्य की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। उन्होंने पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए एक कन्वेंशन सेंटर, एक सफारी चिड़ियाघर, होटल, स्पा और वेडिंग बैंक्वेट की योजना की भी पुष्टि की।मुख्यमंत्री ने अपने भाषण में पर्यटन पर विशेष ध्यान देने के साथ ग्रीन इंडस्ट्रीज को बढ़ावा देने पर जोर दिया। उन्होंने राज्य के बुनियादी ढांचे को विकसित करने और हरित ऊर्जा परियोजनाओं को शुरू करने के प्रयासों का उल्लेख किया। उन्होंने आतिथ्य और पर्यटन उद्योगों को राज्य में निवेश के लिए आमंत्रित किया और उन्हें सरकार की प्रतिबद्धता का आश्वासन देते हुए अपनी बात समाप्त की। एक प्रतीकात्मक संकेत में, माननीय मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आईएचई-2023 के उद्घाटन की घोषणा की और इस आयोजन के लिए एक्जीबिटर डायरेक्टरी जारी की। उन्होंने प्रसिद्ध शेफ नंद लाल शर्मा की पुस्तिका 'देवताओं के व्यंजन' का भी अनावरण किया। उद्घाटन सत्र मेहमानों को स्मृति चिन्ह भेंट करने के साथ समाप्त हुआ, जो आईएचई2023 के लिए एक भव्य उद्घाटन का प्रतीक था। आईएचई2023 के बारे में इंडिया इंटरनेशनल हॉस्पिटैलिटी एक्सपो एक वार्षिक कार्यक्रम है जो भारत के आतिथ्य उद्योग का सर्वश्रेष्ठ प्रर्दशित करता है। यह एक ऐसा मंच है जहां उद्योग के पेशेवर, विचारक नेता, नीति-निर्माता और हितधारक चर्चा करने, नेटवर्क बनाने और क्षेत्र के विकास के अवसरों का पता लगाने के लिए जुटते हैं।






# छठ सेनानी सम्मान समारोह का आयोजन 20 अगस्त को

नोएडा दिल्ली के आईटीओ स्थित गांधी मेमोरियल ऑडिटोरियम प्यारे लाल भवन में छठ महापर्व समन्वय मंच द्वारा प्रथम छठ सेनानी सम्मान समारोह का आयोजन दिनांक 20 अगस्त 2023 को किया जाएगा। छठ महापर्व समन्वय मंच राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली प्रदेश के सभी छठ आयोजकों का सांझा एकल मंच है। छठ महापर्व समन्वय मंच के संयोजक रजनीश झा ने कहा कि इस कार्यक्रम को आयोजित करने का हमारा मुख्य उद्देष्य दिल्ली में जितनी भी छठ आयोजित समिति है चाहें वह रजिस्टर्ड है या अन रजिस्टर्ड है, उनको सम्मानित करने का। अभी तक आपने देखा होगा कि छठ सम्मानित आयोजक समितियों दुनियां को सम्मानित करता है पर उनको कोई सम्मानित नहीं करता है। हमारा उद्देय उनको सम्मान प्रदान कराना है तथा यमुना छठ घाट में छठ मनाने पर जो रोक लगी हुई है इस हटवाना, क्योंकि हरियाणा व उत्तर प्रदेश में छठ हो रहा है और दिल्ली के जितने बॉर्डर पड़ रहे उसमें छठ पर्व नहीं हो रहा है यह एक दुखद विषय है, क्योंकि यह पर्व ही नदियों का पर्व है। उन्होंने यह भी बताया कि हमारा मुख्य उद्देश्य संगठन का पूरी दिल्ली के छठ समितियों को संगठित करके एक मंच पर लाने का मुख्य उद्देश्य है। इस सम्मान समारोह में समिति के संयोजक रजनीश झा, सह संयोजक धनञ्जय सिंह, राजकुमार सिंह, शैलेन्द्र पाण्डेय, अनीश कंठ, रामेश्वर महतो कुशवाहा, रमेश चौधरी, अमित यादव, अनिल झा, अविनाश कुमार, रितेश सिंह राणा, कमला कांत झा, गजेंद्र ओझा, राम दुलार कुशवाहा सहित कई गणमान्य लोग इस सम्मान समारोह को सफल बनाने में लगे हुए हैं।



# नवनियुक्त सीईओ लोकेश एम से कांग्रेसियों ने मुलाकात कर स्वागत किया एव नोएड़ा की प्रमुख समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौपा

नोएडा महानगर कॉंग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष प्रदेश सचिव मुकेश यादव के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने मुलाकात कर स्वागत किया एव नोएड़ा की प्रमुख समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौपा,पूर्व प्रदेश सदस्य कॉंग्रेस नेता सतेन्द्र शर्मा ने बताया कि हम सब कॉंग्रेस कार्यकर्ताओ ने नवनियुक्त सीईओ श्री लोकेश एम जी को बधाई दी और नोएड़ा के गाँव सहित शहर की समस्याओं से अवगत कराया,नोएड़ा देश का हाईटेक शहर है लेकिन हर साल बरसात का मौसम शुरू होते ही पूरा नोएड़ा जलमग्न हो जाता है,नोएड़ा के गाँवो के मुख्य रास्तो में एव सेक्टरों के रास्तो बरसात का पानी भर जाता है इससे लोगो को काफी परेशानी का समाना करना पड़ता है बरसात के पानी से बीमारियां होने का डर रहता है लगातार गाँवो ओर सेक्टरों में लार्वा दवाइयों का छिड़काव होना चाइये,नोएड़ा के सभी गाँवो में पानी की सप्लाई सुजारु रूप से होनी चाइये जिससे लोगो को पानी मिल सकें,गाँवो के पार्को में लगी ओपन जिमोमको ठीक किया जाना चाइये पार्को का सौन्दर्यकर्ण होना चाइये,नेता कॉंग्रेस लियाकत चौधरी ने कहा है कि नोएड़ा के किसानों की प्रमुख समस्याओं को भी अवगत कराया जल्द से जल्द किसानों की समस्याओं का निस्तारण होना चाइये,गाँवो के बारात घरों का सौन्दर्यकरण हो जिससे ग्रामीणों को सुविधा का लाभ मिल सकें,प्रदेश सदस्य यतेंद्र शर्मा ने कहा है कि गाँवो ओर फैक्ट्री एरिया में लगें साइन बोर्डो को ठीक से लगाया जाए और दोनों तरफ से प्रिंट किया जाए जिससे आने जाने वालों को दोनों तरफ से दिखाई दे,गाँवो सहित शहर की सीवर लाइनो को नियमित रूप से सफाई की जानी चाइये जिससे सीवर का पानी सड़क पर न आएं,नोएडा के गांवों में झज्जर पड़ी सड़को को ठीक किया जाना चाइये,पूर्व सचिव दयाशंकर पांडेय ने कहा है कि हम सब कांग्रेसजन आपसे ये निवेदन करते है कि सभी समस्याओं को जल्द से जल्द निस्तारण किया जाये जिससे नोएड़ावासियों को राहत मिल सकें,मिलने वालों में नेता वरिष्ठ लियाकत चौधरी,पूर्व महानगर अध्यक्ष मुकेश यादव,वरिष्ठ नेता सतेन्द्र शर्मा,पीसीसी सदस्य यतेंद्र शर्मा,नेता दयाशंकर पांडेय,सतीश पांचाल सहित कार्यकर्ता रहे।



# लोक नृत्य कलाकार् रंगोली तिवारी जो की पेशे से शिक्षिका है

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** लोक नृत्य कलाकार् रंगोली तिवारी जो की पेशे से शिक्षिका है आज दुबई पहुँच गयी दुबई मे वो अपनी टीम के साथ लोक नृत्य मे वो भारत का प्रतिनिधितव करेंगे भारत मा की बेटी को भारतीयता के जज़्बे को सलाम आधुनिक समाचार् आपके उज्जवल भविष्य की कामना करता है उत्तर प्रदेश के लोक नृत्य को विदेश की सरज़मीं पर प्रस्तुति करने जा रही प्रयागराज की बेटी सुप्रिया सिंह रावत , सुप्रिया प्रयागराज की युवा नृत्य निर्देशिका है इससे पहले वन्दे भारतम् के विजेता के रूप ने सुप्रिया ने उपलब्धि हासिल की थी और प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने भी ट्वीट के माध्यम से समूह का उत्साह वर्धन किया था। सुप्रिया सिंह रावत इससे पहले 26 जनवरी राजपथ दिल्ली ,राजभवन लखनऊ , राष्ट्रीय सांस्कृतिक महोत्सव मुंबई , शिल्प ग्राम महोत्सव गुवाहाटी, चलो मन गंगा यमुना तीर प्रयागराज, मुझमें राम बक्सर बिहार और बहुत सारे राष्ट्रीय मंचों पर अपनी प्रस्तुति दे कर प्रयागराज और देश का मान बढ़ाया है। विदेश मंत्रालय भारत सरकार और आईसीसीआर द्वारा सुप्रिया सिंह रावत और उनके साथ रंगोली तिवारी,अनुश्री दूबे,प्रकृति मौर्य,कनिष्का,मधु,प्राची को ट्यूनीशिया भारत का प्रतिनिधित्व करने भेजा जा रहा है ये एक ऐतिहासिक और गर्व का समय है प्रदेश और देश के लिये। 3-15 अगस्त तक सुप्रिया उत्तर प्रदेश के लोक नृत्यों के साथ भारत की परम्परा को विदेश की धरती पर भी प्रस्तुत करेगी। सुप्रिया ,परिष्कृत सांस्कृतिक एवं सामाजिक संस्था कि अध्यक्ष भी है लोक कला को वो अपनी माँ मानती है और अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी माँ की सेवा में लगी है।




# बच्चों व महिलाओं परक योजनाओ का ब्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार किया जाये

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** खंड विकास अधिकारी श्री नितिन कुमार की अध्यक्षता में कोन ब्लॉक सभागार में ब्लॉक बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति, बाल विवाह, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, महिला शक्ति केंद्र की संयुक्त बैठक आहूत की गई। बैठक में खण्ड विकास अधिकारी द्वारा केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के बृहद प्रचार प्रसार हेतु कैम्प का आयोजन करने के लिए सम्बन्धित अधिकारियों/कर्मचारियों को निर्देश दिए, जिससे पात्र लाभार्थियों को समय से लाभ मील सके। बाल कल्याण अधिकारी अशोक कुमार थाना कोन द्वारा महिलाओं व बच्चों हेतु संचलित आपात कालीन सेवाओ,1076,1070,181,112 टोल फ्री नंबरों व बाल श्रम, बाल तस्करी की रोकथाम पर चर्चा किया गया। बैठक में नीतू यति महिला कल्याण अधिकारी द्वारा महिलाओं के संचलित योजनाओं निराश्रित महिला पेंशन, स्वाधार गृह,वन स्टॉप सेंटर, रानी लक्ष्मीबाई महिला सम्मान कोष, विधवा पुत्री विवाह अनुदान आदि योजनाओं के बारे में चर्चा किया गया। बैठक में संरक्षण अधिकारी (संस्थानिक) गायत्री दूबे द्वारा केंद्र व राज्य सरकार द्वारा बच्चों के लिए संचालित योजना मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना व मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य), स्पॉन्शरशिप योजना, जनपद में संचालित बाल देखरेख संस्थाओं व बाल भिक्षावृत्ति, बाल विवाह, बाल तस्करी व दत्तक ग्रहण के बारे में चर्चा किया गया। जिसके सम्बन्ध में जिला बाल संरक्षण अधिकारी सुधांशु शेखर शर्मा ने कहा, ''जीने का अधिकार, स्वास्थ्य का अधिकार, शिक्षा का अधिकार बच्चों के लिए हैं, इसका प्रचार-प्रसार किया जाए। परित्यक्त, निराश्रित, असहाय और बेसहारा बच्चों की जानकारी चाइल्ड लाइन 1098 पर , जिला बाल संरक्षण इकाई, पुलिस विभाग को दिया जा सकता आ बैठक में बाल विकास परियोजना अधिकारी हरि मोहन, ग्राम पंचायत आधिकारी जितेंद्र कुमार तथा समिति के अन्य सदस्यगण उपस्थित रहे।



## संक्षिप्त समाचार

### अर्पिता खान के जन्मदिन पर शेयर की थ्रोबैक फोटो

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** सलमान खान की छोटी बहन अर्पिता खान शर्मा आज यानी 3 अगस्त को अपना 34 जन्मदिन मना रही हैं। बता दें कि अर्पिता फिल्म इंडस्ट्री से दूर हैं, मगर लाइमलाइट में खूब रहती हैं। अर्पिता खान के



जन्मदिन के मौके पर बॉलीवुड के तमाम सितारों ने उन्हें बधाइयां दी हैं। इसी बीच भाई सलमान खान ने भी अपनी लाडली बहन को विश किया है। सलमान खान ने आज बहन अर्पिता खान के बर्थडे पर एक अनदेखी फोटो शेयर की है, जो सोशल मीडिया पर काफी वायरल भी हो रही है। सभी जानते है कि सलमान खान और अर्पिता खान स्पेशल बॉन्ड शेयर करते हैं। अब जन्मदिन के मौके पर भाई ने बहन संग बचपन की फोटो शेयर करते हुए जन्मदिन की बधाई दी है। फोटो में छोटी सी अर्पिता अपने भाई की उंगली चबाती दिख रही है। इस फोटो को शेयर करते हुए सलमान खान ने कैप्शन में लिखा है, "हैप्पी बर्थडे अर्पिता।' इसके साथ उन्होंने अर्पिता को पोस्ट में टैग किया है। बता दें कि अर्पिता खान सलमान खान की बायोलॉजिकल बहन नहीं हैं। अर्पिता को सलमान के पिता सलीम खान और मां सलमा खान ने गोद लिया था। अर्पिता घर में सभी की लाडली हैं। सलमान, अरबाज खान और सोहेल खान तीनों भाई अपनी छोटी बहन पर जान छिड़कते हैं एक्टर की आने वाली फिल्में वर्कफ्रंट की बात करें तो सलमान खान को आखिरी बार 'किसी का भाई किसी की जान' में नजर आए थे। अब जल्द भाईजान 'टाइगर 3' में कटरीना कैफ और इमरान हाशमी संग दिखाई देंगे। इसके अलावा वो सिद्धार्थ आनंद की 'टाइगर वर्सेज पठान' में नजर आएंगे।

## मैहर विधायक ने किया मगरौरा सड़क का शिलान्यास

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मैहर।** देहात क्षेत्र ग्राम पंचायत मगरौरा में किया गया सुदूर ग्राम सड़क निर्माण का शिलान्यास लिये वे हमेशा फिक्रमंद हैं। क्षेत्र के विकास के लिये जनता कहे या फिर नहीं कहे यह उनकी जबावदेही में शामिल है। यह



समारोह के मुख्य अतिथि मैहर विधायक नारायण त्रिपाठी के प्रतिनिधि के रूप में जनपद उपाध्यक्ष विकास त्रिपाठी के शुभ हाथों से किया गया शिलान्यास एवं विशिष्ट अतिथि विधायक पिए साहब लाल गौर, जनपद अध्यक्ष आकांक्षा विनोद लोधी, जनपद सदस्य कामता शुक्ला,नादन मंडल प्रभारी भारत प्रसाद शुक्ला, एवं भारी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे सुदूर ग्राम सड़क के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। योजना के तहत 16 लाख 17 हजार की लागत से मंगरौरा से मन्नी नाला तक जाने वाली सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। जनपद उपाध्यक्ष विकास त्रिपाठी ने कहा कि क्षेत्र का विकास उनकी प्राथमिकता है। हर गांव मुख्य सड़क से कनेक्ट हो इसके सड़क के निर्माण की मांग वर्षो से लोगों की थी जो आज पूरा हुआ। सड़क के निर्माण से ग्रमीणों में हर्ष का माहौल देखा गया। शिलान्यास मौके पर जनपद अध्यक्ष आकांक्षा विनोद लोधी, नादन मंडल प्रभारी भारत प्रसाद शुक्ला, जनपद सदस्य कामता प्रसाद शुक्ला, सरपंच आशीष लक्ष्मी शुक्ला, सचिव बालमीक कुशवाहा, देवरा सरपंच प्रतिनिधि गिरधारी लाल कुशवाहा, देवरा सचिव इंद्रेंद्र कुशवाहा, छोटे लाल शुक्ला, दरबारी लाल सिंह, महेंद्र सिंह, कमलेंद्र सिंह, नागेंद्र सिंह, श्रीनिवास यादव, श्रवण दहिया, मंगरौरा रोजगार सहायक राजू चौधरी, नेवी शुक्ला, दिनेश विश्वकर्मा, सत्य प्रजापति, शैलेंद्र साहू गल्लू प्रजापति, देवराज कोल,राजू कोल अन्य ग्रामीण जन मौके पर रहे मौजूद।

## 6 अगस्त को जिला अस्पताल आएंगे उप मुख्यमंत्री

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** नोएडा उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक 6 अगस्त को सेक्टर-39 स्थित राजकीय संयुक्त अस्पताल आएंगे। यहां पर अस्पताल की क्षमता को 100 बेड से बढ़ाकर 240 बेड किये जाने की विस्तार योजना का वे उदघाटन करेंगे। अस्पताल की मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा. रेनू अग्रवाल ने बताया कि शासन से जानकारी मिली है कि उप मुख्यमंत्री 6 अगस्त को सेक्टर-39 के अस्पताल के विस्तारीकरण योजना का उदघाटन करने आ रहे हैं।




## नकली दवाओं की बिक्री पर लग सकेगी लगाम

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**बिसरख/नोएडा।** में नकली दवाओं की रोकथाम के लिए दवाओं पर ये अहम चीज लगाने का फैसला आज से लागू कर दिया गया है. अब आपको झटपट पता लग जाएगा



कि जो दवा आप ले रहे हैं- कहीं वो नकली तो नहीं त्या आपको भी कभी लगता है कि आपने जो दवा ली है वो नकली तो नहीं है? अब इस तरह के डर से आपको छुटकारा मिल जाएगा क्योंकि केंद्र सरकार ने आज से 300 दवाओं पर क्यूआर कोड लगाने का आदेश दे दिया है जो लागू हो गया है. भारत के ड्रग्स कंट्रोल जनरल ऑफ इंडिया (अ्उघ्) ने फार्मा कंपनियों को सख्त आदेश दे दिए हैं. इसके मुताबिक देश के टॉप 300 दवाओं के ब्रांड को अपनी दवाओं पर क्यूआर कोड या बार कोड लगाना अनिवार्य हो गया है जिसको स्कैन करके आप अपनी दवा के बारे में काफी कुछ पता लगा सकेंगे.कौन-कौन सी दवाएं हैं शामिल इन टॉप 300 दवाओं के ब्रांड में एलिग्रा, शेलकेल, काल्पोल, डोलो और मेफ्टेल जैसी दवाओं के नाम शामिल हैं. भारत के ड्रग्स कंट्रोल जनरल ऑफ इंडिया (अ्उघ्) ने दवा कंपनियों को साफ तौर पर कह दिया है कि इन बार कोड या क्यूआर कोड को लगाने से चूकने के बाद दवा कंपनियां बड़े जुर्माने के लिए तैयार रहें क्योंकि इसके अभाव में उन्हें पेनल्टी के दायरे में लाया जाएगा. यूनिक प्रोडेक्ट आइडेंटिफिकेशन कोड के जरिए दवा का प्रॉपर और जेनरिक नाम, ब्रांड का नाम, मैन्यूफैक्चर्रर का नाम और पता, बैच नंबर, मैन्यूफैक्चरिंग की तारीख, दवा की एक्सपायरी की तारीख और मैन्यूफैक्चर्रर का लाइसेंस नंबर सब कुछ पता चल जाना चाहिए. केंद्र सरकार ने देश में बढ़ रहे नकली दवाओं के कारोबार पर लगाम लगाने के लिए और इनको रोकने के लिए ये कदम उठाया है. दरअसल केंद्र सरकार ने पिछले साल नवंबर 2022 में ऐसा कदम उठाने की जानकारी दी थी. इसके तहत ही कुछ समय पहले इसका नोटिफिकेशन जारी किया गया था और आज 1 अगस्त से इसे लागू कर दिया गया है. इसे लागू करने के लिए सरकार ने ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट 1940 में संशोधन किया है और इसके जरिए दवा कंपनियों को अपने ब्रांड पर प्2ौ लगाना अनिवार्य कर दिया है।

## पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष के भाई भाजपा छोड़कर, कांग्रेस पार्टी मे शामिल होते ही

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सतना।** सतना जिले के पिछड़ा वर्ग के जिला अध्यक्ष बी.एल यादव निराला व कांग्रेस पार्टी



के वरिष्ठ नेता रामनिवास उरमालिया व पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष आर के सिंह के द्वारा आज मैहर शहर के भाजपा पार्टी के पूर्व मन्डल अध्यक्ष व जिला कार्यसमिति सदस्य अनुपम सोनी के भाई आलोक सोनी आज कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए,ओर शामिल होते ही पिछड़ा वर्ग के ब्लॉक अध्यक्ष भी बनाया गया,आलोक सोनी आपने साथ साथी, प्रतीक सिंह,सैलू वर्मा,अमन माधवानी,हर्ष माधवानी,जीतू सिंह,राहुल सेन,सहित अन्य समर्थको के साथ कांग्रेस पार्टी की सदस्यता लेने में शामिल हुए।

## साधु का अर्थ आश्रम बनाना नहीं , जो राम की साधना में लीन रहे वही साधु - जगतगुरु


**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।**श्री हनुमान सेवा न्यास और श्रीराम राज फाउंडेशन द्वारा जगतगुरु रामभद्राचार्य द्वारा नोएडा स्टेडियम में संचालित श्री रामकथा का छठवाँ दिन श्याम 6 बजे से प्रारंभ हुआ । मीडिया प्रभारी अवनीश सिंह ने बताया कि कथा नोएडा से सांसद महेश शर्मा का आगमन हुआ । जगतगुरु के मंच पर उपस्थित होने के पश्चात श्री राम कथा का वर्णन प्रारंभ हुआ जिसमें कथा का वर्णन करते हुए आज के साधुओं पर कहा की बड़े बड़े आश्रम बनाना साधुओ का काम नहीं बल्कि राम की साधना में लीन



के दौरान आज जगतगुरु के अस्थायी आवास पर बागेश्वर पीठ के पीठाधीश पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री का पदार्पण हुआ और उन्होंने अपने गुरु को दण्डवत प्रणाम कर आशीर्वाद लिया इसलिए कथा में जगतगुरु का अल्प विलंब से मंच पर आना हुआ मंच पर आज भजन गायकों द्वारा हनुमान स्तुति का वंदन किया गया , उसके पश्चात पूर्व मंत्री मदन सिंह चौहान और नवाब सिंह नागर द्वारा श्री राम कथा पर श्रद्धालुओं का उद्बोधित किया गया । कथा के बीच में आज छठवें दिन रहे वही साधु है ।आज जगतगुरु के आँखों में आंसुओं का सैलाब उमड़ गया जब वे राम सीता के विरह की व्यथा कहने लगे । खचाखच भरे पंडाल में श्रोता भी क्रंदन की धारा में बहने लगे । श्री राम के रूप की व्याख्या करते समय जगतगुरु ने बताया की राम से सुंदर व्यक्ति और व्यक्तित्व की परिकल्पना इस ब्रह्मांड में मुश्किल है ।कथा के सातवें दिन उम्मीद है की श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ेगी और धीरे धीरे नोएडा राम मय हो रहा है और 5 तक नोएडा की धरती अयोध्या जैसी राममय हो जाएगी।

## सब-स्टेशन सुकृत 33/11 अंतर्गत नियुक्त जेई साहब की महिमा अपार इनके कार्यकाल की जांच कराने को लेकर मांगे तेज

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।**सूत्रों के मुताबिक बीच का रास्ता निकालकर मानक को लिखित तौर पर किया जाता है पूरा। कई मामले उजागर के बाद पत्रकारों को ही बना रहे हैं भरता हूं सब लोग मेरे खुद मुरीद हैं मेरा कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता। वहीं उनके इस कथन से क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है और लोग इस महान जेई साहब के स्थानांतरण हेतु जल्द ही लिखित विद्युत विभाग के संबंधित अधिकारियों को सूचित किया। आनन फानन में अधिकारियों ने गाड़ी को पकड़ा भी मगर पता नहीं क्या सोच विचार कर गाड़ी पर कोई कार्रवाई किए वगैर छोड़



टारगेट। पूरा मामला जनपद सोनभद्र के करमा ब्लाक अंतर्गत विद्युत विभाग के सब-स्टेशन सुकृत क्षेत्र का है जहां आये दिन विद्युत विभाग के जेई साहब की चर्चा जोरों पर होती रहती है। सूत्रों के मुताबिक साहब अपने कार्यकाल में बीच का रास्ता निकालकर उत्तर प्रदेश सरकार और विभाग के उच्च अधिकारियों को ठेंगा दिखाते हुए अपनी झोली खूब भरें हैं। लेकिन लोगों को तब गंभीर होना पड़ रहा है जब अधिकारियों के संज्ञान के बाद भी ऐसे दागदार लोगों की न जांच हुई कभी और न ही कोई कार्रवाई हुई कभी। वहीं सूत्रों की मानें तो क्षेत्र में ये भी बात तेजी से वायरल हो रही है कि साहब मौखिक रूप से खुद ही अक्सर कहते हुए मिल जाते हैं कि हैं ऊपर वाले अधिकारियों की भी झोली मैं ज्ञापन देने की तैयारी कर रहे हैं। लोगों का कहना है कि यदि विभाग की तरफ से इस साहब पर कोई कार्रवाई नहीं होती है तो हम लोग जन आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। आपको बताते चलें कि इसी क्रम में जीता जागता प्रमाण है कि जनपद सोनभद्र के ग्राम सभा गौरही और लोहरा का शरहदा बार्डर पर 10 अप्रैल 2023 को एक वाहन के टक्कर से बिजली का खंभा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त होकर तीन टूकडों में बट गया। उक्त समय बिजली भी थी लेकिन सहुलियत इस बात की रही कि इस टक्कर के तुरंत बाद ट्रांसफार्मर का फ्यूज ही उड़ गया। आपको बताते चलें कि यह क्षेत्र सुकृत पावरहाउस (33/11) के अन्तर्गत आता है। उक्त मामले में स्थानीय लोगों ने तत्काल फ़ोन के जरिए दिए। और उक्त मामले को बीते लगभग ढाई महीने से अधिक हो गया है मगर अभी तक न ही उस गाड़ी पर कोई कार्रवाई हुई और न ही खंभा लगाकर विद्युत आपूर्ति को चालू किया गया। वहीं ग्रामीण कई महीनों से अधिकारियों की इस लापरवाही का शिकार बने हुए हैं। वहीं आरोपी साहब की एक और बात वायरल हो रही है कि इनकी जमीनी हकीकत को उजागर करने के बाद अब ये साहब पत्रकारों को ही टारगेट कर व्यक्तिगत रूप से अपनी वहीं इस संबंध में जब सामाजिक कार्यकर्ताओं से विचार मांगा गया तो सामने आया कि यदि इस भ्रष्ट कार्यशैली वाले साहब को नहीं हटाया गया तो जल्द ही घेराव किया जाएगा।

## देहात पुलिस ने २४ घंटे के अंदर पाक्सो एक्ट में बलात्कार के आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मैहर।** देहात पुलिस ने 24 घंटे के अंदर पाक्सो एक्ट में बलात्कार के आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल पुलिस अधीक्षक सतना आशुतोष गुप्ता के निर्देशन एवं एअ्ध्झ् मैहर




लोकेश डावर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी देहात निरी0 पी. सी. कोल के नेतृत्व मे देहात पुलिस ने बलात्कार के आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल दिनांक 31.07.23 को फरियादी ने रानी परिवर्तित नाम ने थाना आकर रिपोर्ट किया कि मैं 17 वर्ष की हूं आज से लगभग दो-तीन साल पहले से आरोपी रोहित कुशवाहा मेरे से फोन पर बातचीत करता था व शादी का झांसा देकर मेरे साथ शारीरिक संबंध बनाता था दिनांक 30.07.23 को रोहित मुझे फोन कर मेहर बुलाया और हम दोनों को मैहर में किराए करूंगा लेकर रहना था फिर रोहित मुझे बोला कि तुम घर चली जाओ मैं नहीं आ रहा मुझे छोड़कर चला गया रोहित कुशवाहा मेरे साथ लगातार तीन वर्षों से शादी का झांसा देकर शरीर संबंध बनाता रहा और मुझे छोड़कर चला गया रिपोर्ट पर थाना देहात में अपराध क्रमांक 288/23 धारा 376,376(2)(ह) ता. पा एक्ट का प्रकरण पंजीबद्ध किया जाकर मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल प्रभाव से टीम बनाकर आरोपी के गिरफ्तारी के लिए टीम रवाना की गई जो प्रकरण के आरोपी रोहित कुशवाहा पिता राजकिशोर कुशवाहा उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम चपना थाना देहात को गिरफ्तार किया जाकर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया जहां से माननीय न्यायालय द्वारा आरोपी उपरोक्त को जेल भेज दिया गया है। सराहनीय भूमिका निरी0 पी. सी. कोल थाना प्रभारी देहात, ेग् एन.पी. पांडे,प्रधान आरक्षक रवि सिंह,आरक्षक संजय यादव।

## नोएड़ा कांग्रेसी नेताओं ने राज्यसभा सांसद से मुलाकात कर सगठन को लेकर की चर्चा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** अल्पसंख्यक विभाग के उत्तर प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष



लियाकत चौधरी के नेतृत्व में नोएडा कांग्रेसियों ने अखिल भारतीय कॉंग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय चैयरमेन राज्यसभा सांसद श्री इमरान प्रतापगढ़ी से कांग्रेस मुख्यालय 24 अकबर रॉड पर मुलाकात की,श्री लियाकत चौधरी ने बताया कि लोकसभा 2024 का चुनाव नजदीक है अल्पसंख्यक सगठन को नोएडा के विस्तार को लेकर विस्तृत चर्चा की आने वाला चुनाव कॉंग्रेस पार्टी मजबूती से लड़ने जा रही है,नोएड़ा कॉंग्रेस नेता पूर्व प्रदेश सदस्य सतेन्द्र शर्मा ने बताया कि भाजपा के झूठे वादों से जनता परेशान है महँगाई चरम सीमा पर पहुँच गई नोएड़ा की समस्याओं से भी राज्यसभा सांसद को अवगत कराया जनता के लिए कॉंग्रेस हमेसा सँघर्ष करती रही है,मिलने वालों में पीसीसी सदस्य यतेंद्र शर्मा,उपाध्यक्ष लियाकत चौधरी,नेता कॉंग्रेस सतेन्द्र शर्मा,नेता फईम अहमद सहित कार्यकर्ता रहे।

## मेवात को नहीं बनने देंगे दूसरा पाकिस्तान


**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** हरियाणा के मेवात क्षेत्र के नूह में सोमवार 31 जुलाई को अचानक से विश्व हिन्दू परिषद द्वारा निकाली गई शोभा यात्रा पर सुनियोजित भीषण हमलों के विरोध में विश्व हिन्दू परिषद-बजरंग दल, नोएडा महानगर द्वारा विरोध जताते हुए प्रदर्शन किया गया. नोएडा स्टेडियम से डी. एम. चौराहे तक मार्च किया गया और वहां जेहादियों का पुतला फूंका गया ज्ञात रहे कि हर वर्ष श्रावण मास में किसी एक सोमवार को मेवात के अंदर भगवान शंकर का आशीर्वाद लेने के लिए महाभारत कालीन पांच मंदिरों में श्रद्धालु जाते हैं और हर वर्ष ये शोभा यात्रा बड़ी धूमधाम से निकाली जाती रही है. परंतु इस वर्ष धर्म के नाम पर बरगलाये गए उपद्रवियों ने धर्म के नाम पर जेहाद छेड़ने वालों की किसी बड़ी साज़िश के तहत छोटे बच्चों, महिलाओं, बुजुर्गों, भोले भाले श्रद्धालुओं पर, पुलिस और बेकसूर आम जनता पर गोलियां और पत्थर बरसाये तथा




आगजनी की, पेट्रोल बम भी फेंके गए. बहुत दुर्भाग्यपूर्ण घटनाक्रम रहा. इस घटना के जिम्मेदार कौन लोग हैं? और हिंदुस्तान में इस तरह कब तक चलेगा. इसकी पहचान करना अब जरूरी हो गया है। भारत के गुलिस्ता में खिले गुलों को अपने राजनीतिक स्वार्थ के लिए साजिशन एक सम्प्रदाय के गुंडों द्वारा मसलवाने वाले नेताओं और राजनीतिक पार्टियों को सबक सिखाने का समय आ गया है. अब ये रोज रोज भारत माता को दर्द देना देश के दुश्मनों, जेहादियों को बहुत महंगा पड़ेगा। महानगर अध्यक्ष बहन छाया सिंह व महानगर मंत्री दिनेश महावर द्वारा प्रशासन से अपील की गई कि नोएडा शहर की सुरक्षा व्यवस्था को और चाक-चौबंद किया जाए जिससे यहां किसी प्रकार की अप्रिय घटना न घट सके. और ऐसी राष्ट्र विरोधी ताकतों की पहचान करके अग्रसक्रियता के साथ समय रहते कठोर कार्यवाही की जाए जिससे नोएडा के शांतिपूर्ण माहौल में कोई खलल न पड़े। इस आतंकी हमले के कारण बजरंग दल के दो कार्यकर्ताओं की निर्मम हत्या की गई है और समाज के दो अन्य व्यक्ति भी बलिदान हुए हैं. विश्व हिंदू परिषद की मांग है कि उक्त बलिदानियो के परिवारों को एक-एक करोड़ रुपया दिया जाए और जो घायल हुए हैं उनको 20-20 लाख रुपया तथा जिनकी गाड़ियां और बसें नष्ट की गई हैं उनको पूरी तरह क्षति पूर्ति की जाए. और, एक एक जिहादी को पकड़कर सख्त से सख्त सजा दिलवाई जाए जो भविष्य में इन जेहादियों के लिए उदाहरण बन सके जिससे हिंदू विरोधी, राष्ट्र विरोधी आतंक को रोका जा सके। इस विशाल प्रदर्शन में विश्व हिन्दू परिषद के नोएडा महानगर अध्यक्ष बहन छाया, महानगर मंत्री दिनेश, उपाध्यक्ष सतबीर, सह मंत्री प्रवेश, कोषाध्यक्ष अनिल, विभाग संयोजक ललित महानगर सह संयोजक सुमित , आकाश , बजरंग दल टोली पवन , अजीत , नितिन, सर्वेश और धर्म प्रसार प्रमुख राजीव शर्मा, परियोजना प्रमुख ज्ञान प्रकाश , प्रचार प्रमुख राहुल , समरसता प्रमुख अजय, धर्माचार्य भगवती व विभाग मंत्री विकास पंवार और महानगर के अन्य अधिकारी व अनेकों कार्यकर्ताओं और आम जनता ने भाग लिया।

# लोगों को पसंद आया अक्षय कुमार की फिल्म का ट्रेलर की हुई छीछालेदर

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** अक्षय कुमार और पंकज त्रिपाठी की फिल्म ओह माय गॉड 2 रिलीज के बेहद करीब है। फिल्म को लेकर पिछले कुछ दिनों कर दिया है, जो दर्शकों को पसंद आ रहा है। ट्रेलर को काफी अच्छी प्रतिक्रियाएं मिल रहा है। पसंद आई स्टार्स की केमिस्ट्री ट्विटर पर ओह माय गॉड 2 की तारीफ करते हुए फिल्म देखने का इंतजार नहीं कर पा रही हूं। सीबीएफसी को शर्म आनी चाहिए कि उन्हें इस फिल्म से कई सारी दिक्कतें है, जबकि उन्होंने आदिपुरुष को पास कर दिया






से विवादों में फंसे होने की खबर आ रही है। सीबीएफसी ने भी ओह माय गॉड 2 को सर्टिफिकेट देने से पहले काट- छांट की। कई परेशानियों में उलझी ओह एम जी 2 का अब ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। ओह माय गॉड साल 2012 में आई थी। परेश रावल और अक्षय कुमार स्टारर इस फिल्म को काफी पसंद किया गया। ऐसे में फिल्म के सिक्वेल ओह माय गॉड 2 का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। वहीं, अब मेकर्स ने लोगों के इंतजार को खत्म करते हुए ट्रेलर को रिलीज एक यूजर ने कहा, ठओह माय गॉड 2 का ट्रेलर ब्लॉकबस्टर है। अक्षय कुमार, यामी गौतम और पंकज त्रिपाठी की केमिस्ट्री जबरदस्त है। एजुकेशन पर बनी ये फिल्म प्रभावित करने वाली है।ठएक अन्य यूजर ने कहा, ठफिल्म का कॉन्सेप्ट बेहद खास है और हमारे समाज के लिए जरूरी है। इस साल बॉलीवुड की तरफ सबसे अच्छी फिल्म है। हर हर महादेव। सीबीएफसी को फटकार लगाते हुए एक यूजर ने कहा, ठओह माय गॉड 2 का ट्रेलर बहुत अच्छा है। था। अक्षय कुमार मुझे यकीन है कि ये फिल्म कोई चमत्कार करेगी। गदर 2 के साथ ओएमजी के टक्कर की बात करते हुए एक यूजर ने कहा, ठये तो पक्का है कि गदर 2 को बॉक्स ऑफिस पर टक्कर जरूर मिलेगी। अक्षय कुमार के बारे में बात करते हुए एक यूजर ने कहा, ठओएमजी 2 में भगवान शिव के रूप में अक्षय कुमार का अवतार जबरदस्त और छाप छोड़ने वाला है। वो जरुर अपनी पावर पैक परफॉर्मेंस के साथ लंबे समय तक ना भूल पाने वाली छाप छोड़ेंगे।

# तुम क्या मिले' गाने को शूट करने से पहले आलिया भट्ट ने शाह रुख खान से की थी मुलाकात

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** करण जौहर की फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी पर्दे पर कमाल कर रही है। आम लोगों से लेकर फिल्मी सितारें मूवी की जमकर तारीफ कर रहे हैं।आलिया भट्ट के मां बनने के कुछ ही महीनों बाद करण जौहर ने कश्मीर में इस गाने को



शूट किया था लेकिन क्या आप जानते हैं कि इस गाने की शूटिंग से पहले आलिया भट्ट शाहरुख खान से मिलने गई थीं। इसका खुलासा कोरियोग्राफर वैभवी मर्चेंट ने एक इंटरव्यू में किया है । मूवी के साथ-साथ इसके गाने भी सुपरहिट साबित हो रहे हैं। इस फिल्म का गाना 'तुम क्या मिले' लोगों की जबान पर छाया हुआ है। इस गाने को जब से रिलीज किया गया है तब से फैंस को बहुत पसंद आ रहा है। अब इस रोमांटिक गाने को लेकर आलिया भट्ट ने एक मजेदार खुलासा किया है। गाना शूट करने से पहले शाह रुख से मिली थी आलिया आलिया भट्ट के मां बनने के कुछ ही महीनों बाद करण जौहर ने कश्मीर में इस गाने को शूट किया था, लेकिन क्या आप जानते हैं कि इस गाने की शूटिंग से पहले आलिया भट्ट शाहरुख खान से मिलने गई थीं। इसका खुलासा कोरियोग्राफर वैभवी मर्चेंट ने एक इंटरव्यू में किया है। उन्होंने बताया कि आलिया इस गाने के बारे में और जानने और सीखने के लिए खुद एक दिन के लिए शाहरुख खान से मिलने गई थीं, क्योंकि उन्होंने भी अपनी पहली फिल्म स्टूडेंट ऑफ द ईयर में 'इश्क वाला लव' को छोड़कर इस तरह का गाना कभी नहीं किया था। इतना ही नहीं गाने को लेकर रणवीर सिंह के सामने चुनौती थी क्योंकि उनको ऐसा करना था। बता दें रणवीर सिंह ने भी पहले कभी ऐसा रोमांटिक गाना नहीं किया था।इस म्यूजिक वीडियो में आलिया भट्ट और रणवीर सिंह को बर्फ से ढके पहाड़ों के बीच रोमांस करते हुए देखा जा सकता है। खूबसूरत लोकेशन, रंगीन साड़ियां और डांस मूव्स ने हर किसी का दिल जीत लिया है। जानकारी के लिए बता दें कि करण जौहर ने 'तुम क्या मिले' के साथ यश चोपड़ा को श्रद्धांजलि दी है और यह गाना साफ तौर से आपकी पुरानी यादें ताजा कर रहा है। बता दें, इस गाने का म्यूजिक प्रीतम ने दिया है और इसे अरिजीत सिंह और श्रेया घोषाल ने गाया है।

# 'रिंकू भाभी' और 'गुत्थी' बनने से पहले इन हिट फिल्मों में नजर आ चुके थे सुनील ग्रोवर

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** एक्टर और कॉमेडियन सुनील ग्रोवर हिन्दी सिनेमा का एक ऐसा नाम हैं, जो जब भी स्क्रीन पर दिखाई देता है तो लोग हंसने को मजबूर हो जाते हैं। सुनील का कॉमेडी जगत में उनका नाम ही काफी है, लेकिन इस मुकाम तक पहुंचने के लिए उन्होंने कड़ी मेहनत की है। तीन अगस्त 1977 को जन्मे सुनील इस साल 46 वर्ष के हो जाएंगे। अभिनेता के जन्मदिन के मौके पर



अभिनय इतना जोरदार है कि स्क्रीन पर उनका होना ही लाफ्टर की गारंटी बन जाता है। टीवी के पॉप्युलर शो द कपिल शर्मा शो के डॉ. गुलाटी रिंकू भाभी तो कभी गुत्थी के किरदार से सबको हसाने वाले सुनील ग्रोवर का आज यानी 3 अगस्त को जन्मदिन है। एक्टर और कॉमेडियन ने अपने परफॉरमेंस से सबके दिलों को जीता है। उनकी गिनती इंडस्ट्री के टॉप कॉमेडियन्स में होती है। उनका अभिनय इतना जोरदार है कि स्क्रीन पर उनका होना ही काफी होता है। कपिल शर्मा शो में उनके निभाए किरदार रिंकू भाभी, गुत्थी और डॉ. गुलाटी को आज भी लोग याद करते हैं। जानते हैं उनकी संघर्ष की कहानी। बचपन से ही बनना चाहते थे एक्टर हरियाणा के डबवाली में जन्मे सुनील ग्रोवर के पिता का नाम जे एन ग्रोवर हैं। आर्य विद्या मंदिर से पढ़ाई करने के बाद अभिनेता ने गुरु नानक कॉलेज से अपना ग्रेजुएशन पूरा किया। बचपन से ही अभिनय में रुचि होने की वजह से उन्होंने पंजाब यूनिवर्सिटी से थिएटर में अपनी डिग्री पूरी की।काफी समय तक थिएटर में काम करने के बाद उन्हें मशहूर कॉमेडियन जसपाल भट्टी के शो प्रोफेसर मनी प्लांट में काम करने का मौका मिला। इस शो के बाद वह सब टीवी के मशहूर साइलेंट कॉमेडी शो गुटर गू में भी नजर आए। यह शो तो ज्यादा दिनो तक नहीं चला, लेकिन उनके अभिनय ने लोगों के दिलों में अपनी जगह बनी ली थी। फिर इसके बाद अभिनेता ने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। इस शो के बाद उन्होंने चला लल्लन हीरो बनने, क्या पांचवी फेल चंपू है, कॉमेडी सर्कस और मेड इन इंडिया जैसे शोज के जरिए दर्शकों का मनोरंजन किया।सुनील ने फिल्मों में भी हाथ आजमाया। 1998 में प्यार तो होना ही था में वो बार्बर के किरदार में थे। 'द लीजेंड ऑफ भगत सिंह', 'फकीरा', 'जिला गाजियाबाद', 'गब्बर इज बैक', 'गजनी' और 'भारत' जैसी फिल्में कीं। शाहरुख खान की आने वाली फिल्म जवान में सुनील ग्रोवर भी एक महत्वपूर्ण किरदार में दिखने वाले हैं। सुनील ग्रोवर अब ओटीटी स्पेस में भी उतर पड़े हैं। साल 2021 में उनकी सनफ्लॉवर सीरीज जी5 पर रिलीज हुई थी, जो क्राइम कॉमेडी जॉनर की है। इसका दूसरा सीजन आने वाला है। इस साल जी5 की ही वेब सीरीज यूनाइटेड कच्चे में भी वो लीड रोल में नजर आ चुके हैं। यह लंदन में माइग्रेंट्स की स्थिति को दिखाने वाली सीरीज है। सनफ्लॉवर से पहले सुनील ने सैफ अली खान स्टारर सीरीज तांडव में भी अहम किरदार निभाया था। अभिनेता को असल पहचान कपिल शर्मा के शो से मिली। इस शो में सुनील ग्रोवर गुत्थी, रिंकू भाभी और डॉक्टर गुलाटी जैसे मशहूर किरदारों में नजर आए। इन किरदारों के जरिए ना सिर्फ अभिनेता ने दर्शकों को खूब हंसाया बल्कि घर-घर अपनी पहचान भी बना ली। कपिल शर्मा के साथ हुए एक झगड़े की वजह से सुनील ने इस शो से दूरी बना ली थी। उन्होंने शो में काम करने से साफ इनकार कर दिया था। कपील के माफी मांगने के बाद भी सुनील शो पर वापस नहीं लौटे थे। वहीं, निजी जिंदगी की बात करें तो अभिनेता ने पेशे से इंटीरियर डिजाइनर आरती ग्रोवर से शादी की है। इस कपल का एक बेटा भी है जिसका नाम मोहन है।

# नितिन देसाई ने सुसाइड से पहले किया था ऑडियो रिकॉर्ड, चार लोगों से होगी पूछताछ


**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** देवदास, जोधा अकबर जैसी फिल्मों में सेट डिजाइन करने वाले आर्ट डायरेक्टर नितिन देसाई का बीते बुधवार निधन हो गया। उन्होंने करजत के अपने एनडी स्टूडियो में सुसाइड किया था। रायगढ़ पुलिस के मुताबिक पोस्टमार्टम में ये खुलासा हुआ है कि उनकी मौत की वजह फांसी है। फिलहाल इस मामले में आगे वॉइस मैसेज मिला है, उसमें चार नामों के जिक्र की बात सामने आई है। हालांकि, खालापुर पुलिस ने उससे जुड़ी कोई भी डिटेल शेयर करने से साफ तौर पर इंकार कर दिया है, क्योंकि फिलहाल फोरेंसिक जांच के लिए उन्हें दिया गया है, जिससे पुलिस ये पता लगा रही है कि नितिन देसाई के फोन से कोई डेटा मिस तो नहीं है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक



की जांच जारी है। उनके स्टाफ ने ये दावा किया है कि नितिन देसाई मंगलवार की रात को दिल्ली से मुंबई लौटे थे, जहां वो करीब ढाई बजे वह अपने करजत में एनडी स्टूडियो पहुंचे। अब हालिया रिपोर्ट्स की मानें तो नितिन देसाई के निधन के बाद मामले की छानबीन कर रही रायगढ़ पुलिस को आर्ट डायरेक्टर के मोबाइल से एक ऑडियो क्लिप मिला है। सुसाइड से पहले नितिन देसाई ने चार लोगों को भेजा था ऑडियो मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो रायगढ़ पुलिस को नितिन देसाई द्वारा छोड़ा गया एक रिकॉर्डेड सुसाइड से पहले रिकॉर्ड किए गए ऑडियो क्लिप में जिन चार लोगों के नाम नितिन देसाई ने लिया है, उनसे पुलिस पूछताछ कर सकती है। जब इस मामले पर कागजी कार्यवाही पूरी हो जाएगी, उसके बाद पुलिस पूछताछ के लिए समन भेज सकती है।आपको बता दें कि नितिन देसाई काफी समय से आर्थिक तंगी से जूझ रहे थे, इसका खुलासा महाराष्ट्र के श्ईं महेश बाल्दी ने समाचार एजेंसी एएनआई से बातचीत में किया था। रिपोर्ट्स की मानें तो नितिन देसाई ने लगभग 180 कोड का बैंक से लोन लिया था, जो ब्याज के साथ लगभग 250 करोड़ का हो गया था।

# अभिषेक मल्हान की इस हरकत से चिल्ला उठीं जिया शंकर, वायरल हुआ वीडियो

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** बिग बॉस को खत्म होने में बस एक हफ्ता बचा हुआ जिया और अभिषेक एक-दूसरे के साथ अच्छे मोमेंट बिताते हुए नजर आए, लेकिन अचानक ही कुछ ऐसा कि मैंने तुझे जो निशान दिया था, वह जब तक तू घर नहीं जाती, तब तक रहेगा। जिसके



है। अगले वीक इस शो का ग्रैंड फिनाले होगा। घर में अब भी 8 सेलिब्रिटी कंटेस्टेंट बाकी हैं। एल्विश यादव जहां अपने गेम से लगातार दर्शकों को इम्प्रेस करते हुए नजर आ रहे हैं। तो वहीं जिया शंकर और अभिषेक की नजदीकियां बढ़ रही हैं। हाल ही में पूजा भट्ट और अभिषेक के बीच में टिकट टू फिनाले टास्क खेला गया, जिसमें अभिषेक मल्हान उर्फ फुकरा इंसान जीत गए और पहले फाइनलिस्ट बने। इस फिनाले टास्क में जिया शंकर पूजा भट्ट को छोड़कर अभिषेक को अपना समर्थन देती हुईं नजर आईं। इस टास्क के बाद हुआ, जिसकी वजह से जिया शंकर चिल्ला उठीं। अभिषेक मल्हान ने किया कुछ ऐसा, चिल्ला उठीं जिया शंकर हाल ही में सोशल मीडिया पर दोनों का एक वीडियो खूब वायरल हो रहा है, जिसमें अभिषेक मल्हान जब सोफे पर बैठे हैं, तो जिया उनके पास आकर बैठ जाती हैं। जब अभिषेक उनसे उठने के लिए कहते हैं, तो वह नहीं उठतीं। जिसके बाद फुकरा इंसान ने उन्हें चूंटी काट ली, जिसके बाद जिया शंकर जोर से चिल्ला पड़ती हैं और उन्हें पागल कहकर उन्हें मारती हैं। अभिषेक जिया को परेशान करने के बाद कहते हैं बाद जिया भी उन्हें काटने के लिए जाती हैं।जिया शंकर और अभिषेक मल्हान के बीच जैसे-जैसे सीजन बीत रहा है नजदीकियां बढ़ती जा रही है। वह आशिका भाटिया के जाने के बाद अब फेम ग्रुप का हिस्सा भी बन गई हैं। आशिका भाटिया के घर से बेघर होने के बाद अब जिया शंकर 'फेम' ग्रुप का हिस्सा बन गई हैं। आपको बता दें कि इस हफ्ते जो कंटेस्टेंट घर से बेघर होने के लिए नॉमिनेट हुए हैं, उनमें जिया शंकर, अविनाश सचदेव, मनीषा रानी और जैद हदीद का नाम शामिल है।

# 100 करोड़ क्लब में पहुंची ओपेनहाइमर की हालत नाजुक, थिएटर्स से हो सकती है छुट्टी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।**:क्रिस्टोफर नोलन की फिल्म ओपेनहाइमर ने आखिरकार अपनी काबिलियत साबित कर दी ने फिल्म के बिजनेस की अपडेट दी है। प्रोडक्शन हाउस के अनुसार, फिल्म ने भारत में 100 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया है। ऍम्हग्त्व् विश्वयुद्ध में उसके इस्तेमाल का कहानी है। ओपेनहाइमर की तगड़ी स्टार कास्ट के साथ फिल्म में दिखाए सीन्स को बिना वीएफएक्स






है। फिल्म ने भारत में 100 करोड़ क्लब में एंट्री कर ली है। अमेरिकन वैज्ञानिक जे रॉबर्ट ओपेनहाइमर की ये बायोपिक 21 जुलाई को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज हुआ है। अब फिल्म को बॉक्स ऑफिस पर टिके हुए 13 दिन हो चुके है। इसके साथ ही फिल्म ने 100 करोड़ में शामिल होने का माइल स्टोन अचीव कर लिया है। ओपेनहाइमर ने कमाए कितने करोड़ ओपेनहाइमर के प्रोडक्शन हाउस यूनिवर्सल पिक्चर्स की रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म ने बुधवार को देशभर में लगभग 2.60 करोड़ का कलेक्शन किया है। इसके साथ ही ओपेनहाइमर ने डोमेस्टिक बॉक्स ऑफिस पर लगभग 100.30 का टोटल नेट बिजनेस कर लिया है।क्रिस्टोफर नोलन हमेशा लोगों के सामने सबसे अलग और कभी ना देखा सिनेमा लेकर आते हैं। ओपेनहाइमर भी इस लिस्ट में शामिल है। फिल्म का कहानी पहले परमाणु बम बनाने और द्वितीय के रियल में शूट किया गया है, जो इसकी सबसे बड़ी खासियत है।ओपेनहाइमर के साथ एक और हॉलीवुड फिल्म बार्बी रिलीज हुई है। ये फिल्म ग्रेटा गेरविग के डायरेक्शन में बनी है और ओपेनहाइमर जिनती ही हाइप भी है। बार्बी विदेश में तो अच्छा बिजनेस कर रही है, लेकिन भारत में फिल्म की हालत पतली है। रिलीज के 13 दिनों में भी बार्बी 50 करोड़ नहीं कमा पाई है। ऍम्हग्त्व् की रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म ने 2 अगस्त को भारत में महज 70 लाख का बिजनेस किया है। वहीं, फिल्म का घरेलू बॉक्स पर लाइफ टाइम कलेक्शन 37.55 करोड़ है।

# बाटला हाउस' एक्ट्रेस क्रिसैन परेरा शारजाह जेल से रिहा, ड्रग्स केस में हुई थीं गिरफ्तार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** एक्ट्रेस क्रिसैन परेरा को लेकर कुछ महीनों पहले संयुक्त अरब अमीरात में ड्रग्स केस में गिरफ्तार होने की खबर आई थी। अब केस में अपडेट आई है। एक्ट्रेस को जेल से रिहा कर दिया गया और वो मुंबई लौट आई हैं। न्यूज एजेंसी पीटीआई की खबर के अनुसार, क्रिसैन परेरा 1 अप्रैल से शारजाह जेल में बंद थीं। एक्ट्रेस को अवॉर्ड ट्रॉफी में ड्रग्स भरकर ले जाने के मामले में शारजाह पुलिस ने गिरफ्तार किया गया था। अब रिहाई के बाद गुरुवार को एक्ट्रेस मुंबई पुलिस कमिश्नर विवेक फासलकर से मुलाकात करेंगी। क्रिसैन परेरा के मुंबई लौटने पर उनके भाई केविन परेरा ने खुशी जाहिर की और सोशल मीडिया पर एक इमोशनल वीडियो भी शेयर किया है। वीडियो में क्रिसैन और केविन एक-दूसरे को गले लगाते हुए दिख रहे हैं। पोस्ट के कैप्शन में केविन ने लिखा, ठक्रिसैन आखिरकार वापस लौट आई है और हमासे मिली... मुझे पता है कि मैंने जून में एलान किया था कि वो वापस आ जाएगी, लेकिन इसमें थोड़ा ज्यादा वक्त लग गया और अंत में लौट आई है।ठ मुंबई क्राइम ब्रांच ने इस साल अप्रैल में ड्रग-तस्करी के मामले में एक्ट्रेस क्रिसैन परेरा को फंसाने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया था। इनमें बोरीवली स्थित एक बेकरी के मालिक एंथोनी पॉल (35 साल) और उनके साथी बैंकर राजेश बोभाटे (34 साल) का नाम शामिल है। जबरन फंसाई गईं एक्ट्रेस पूछताछ में दोनों ने कबूल किया कि उन्होंने दुबई जाने से पहले तीन लोगों को अवॉर्ड की ट्रॉफियों में ड्रग्स छिपाकर दिया था। इसके अलावा उन्होंने दो और लोगों को केके में ड्रग्स छिपाकर दिया था। क्रिसैन परे समेत दो लोग अनजाने में जाल में फंस गए, जबकि बाकी तीन लोग शारजाह में अधिकारियों से बचकर निकलने में कामयाब रहे। इन फिल्मों में कर चुकी हैं काम क्रिसैन परेरा बॉलीवुड की सड़क 2 और बाटला हाउस जैसी फिल्मों में काम कर चुकी हैं। इसके अलावा उन्होंने वेब सीरीज थिंकिस्तान में भी काम किया है। एक्ट्रेस थ्री वुमेन , ड्रमरोल और संडेज विद चित्रा जैसे कुछ ड्रामा का भी हिस्सा भी रह चुकी हैं।



स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक डा0 दीपक अरोरा द्वारा रामा प्रिन्टर्स 53/25/1 ए बेली रोड न्यू कटरा प्रयागराज (उ.प्र.) 211002 से मुद्रित एवं सी-41 यूपी एसआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र नैनी प्रयागराज। (उ.प्र.) 211010 से प्रकाशित।
सम्पादक/प्रकाशक
डा0 पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398
website:www.adhuniksamachar.com
नोटः- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होंगे।